हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 18 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 34.7 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री



13 प्रेमचंद के मानवीय जीवन मूल्यों पर व्याख्यान का हुआ आयोजन



13 विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रमुख लक्ष्यः प्राचार्य डॉ. नंदा



**अतिशीघ्र आवश्यकता है**

सिक्योरिटी सुपरवाइजर (10 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35

सिक्योरिटी गार्ड (पुरुष : 50 पद) कद-5'.6", उम्र-20 से 35

होम केयरटेकर (महिला : 20 पद) उम्र-20 से 35 वर्ष,

भर्ती दिनांक :- 19 एवं 20 फरवरी 2025 (कार्यस्थल:-जिला दुर्ग अस्पतालों के लिए)

पता:-फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल. सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़ मो.: 76972 12782

## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक परीक्षा 19 से

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में बी.ए. गृहविज्ञान के नियमित, भूतपूर्व, अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों के गृहविज्ञान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 20 फरवरी, गृहविज्ञान विभाग में प्रातः 10.30 बजे एवं बी.ए. मनोविज्ञान के नियमित, भूतपूर्व अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों के मनोविज्ञान प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 21 फरवरी तथा तृतीय वर्ष की 19 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे मनोविज्ञान विभाग में आयोजित होगी।

### पावर हाउस रिक्शा स्टैंड की हो मरम्मत, एटक

**भिलाई ।** भिलाई स्टील मजदूर सभा (एटक) के महासचिव विनोद कुमार सोनी ने नगर निगम भिलाई के आयुक्त और से पावर हाउस रेलवे स्टेशन में स्थित संघर्ष रिक्शा स्टैंड की जल्द कब्जा हटाने और मरम्मत करवाने की मांग की है। मरम्मत नहीं होने से रिक्शा चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
श्री सोनी ने बताया कि पूर्व में निगम आयुक्त और महापौर को यूनियन द्वारा ज्ञापन सौंपकर रिक्शा चालकों केमदद की मांग की गई थी। ज्ञापन में बताया कि रेलवे स्टेशन में पहला रिक्शा स्टैंड स्टेशन के उत्तर दिशा में स्थित है । यह रिक्शा चालको के संघर्षो व उनकी आजीविका के लिए निगम प्रशासन द्वारा बनाकर दिया गया था। दूसरा रिक्शा स्टैंड परिसर में कुछ लोगों ने अवैध रूप से अपना ठेला रख दिया है। महापौर पूरा सहयोग का आश्वासन दिया था। आयुक्त ने भी चुनाव में व्यस्तता बताते हुए मरम्मत का आश्वासन देकर पेपर को जोनल 3के अधिकारी को प्रेषित भी उनसे कहा था। नगर निगम के अधिकारी संघर्ष रिक्शा स्टैंड गए भी थे, जांच भी कर गए लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ।

**मतदान में दिखा उत्साह : 75 साल से ज्यादा उम्र की महिलाएं भी वोट डालने मतदान केंद्रों तक पहुंचीं**

# गांव की सरकार चुनने मतदाताओं ने बढ़-चढ़ किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

पहले चरण के तहत जिले में शांतिपूर्ण तरीके से पंचायत चुनाव संपन्न हो गया। सुबह सात बजे से कतारे लगनी शुरू हुई, जो दोपहर तक कतारे लंबी हो गई। महिलाओं के साथ ही पुरूषों ने वोट देने में गजब का उत्साह दिखाया। देर रात काउंटिंग की प्रक्रिया निपटने के बाद परिणाम भी जारी कर दिए गए। परिणाम जारी होते ही पंचायतों में जीत का जश्न भी मनाया गया। जारी किए गए आंकडों के अनुसार पहले चरण के लिए 84.39 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया हैं। पहले चरण में जिले के दुर्ग जनपद में प्रक्रिया पूरी हो गई हैं। सत्रह फरवरी को सुबह सात से दोपहर तीन बजे तक वोटिंग संपन्न हुई। इस दौरान पहले चरण के लिए 257 बूथ बनाए गए थे। मतदान की प्रक्रिया करीब पांच बजे कई बूथों में पूरा होने के बाद मतगणना भी शुरू हो गया था। बैलेट पेपर से मतदान होने के कारण मतदाताओं को थोड़ा अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। दोपहर तीन बजे तक कतार में लगे वोटरों को मतदान करने का अवसर दिया गया। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा सुबह सात बजे के बाद से हर दो-दो घंटे का मतदान प्रतिशत जारी किया गया।





### पच्चीस हजार मतदाताओं ने नहीं किया मतदान

पहले चरण के तहत एक लाख 62844 मतदाता थे। जिसमें से महिला 68791 और पुरूष 68702 ने मतदान किया है। जबकि 25421 ने मतदान का उपयोग ही नहीं किया हैं। जानकारी अनुसार रात नौ बजे तक 34 बूथ में मतदान चलता रहा। सिर्फ 223 बूथ में मतदान पूरा हुआ। नौ बजे बाद 149 बूथ में गिनती शुरू की गई।

### दर्जनभर से अधिक गांव में 90% से अधिक वोटिंग

जिले के ग्रामीण वोटरों ने पहले वोटिंग को महत्व दिया। सुबह काम में जाने से पहले ग्रामीणों ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया है। जिले के 257 बूथ में से अंजोरा ढा प्राथमिक स्कूल में 90.79 फीसदी, बिरझर प्राथमिक शाला में मतदान केन्द्र एक में 93 और दो में 96 फीसदी, झोला प्राथमिक स्कूल में 92 फीसदी, निकुम बालक प्राथमिक स्कूल में 97 और भोथली में 93 फीसदी मतदान हुआ है। यहां गांव में जबरदस्त उत्साह देखा गया। यहां वोटरों की भीड़ वोटर देने तक जमी रही। पीपरछेडी 94 फीसदी कोडिया 90.70 खम्हरिया 90.38 डुमरडीह 92.97 घुघसीडीह 105.5 फीसदी कातरो 93 मचांदुर 90.85 कुथरेल व जंजगिरी भरदा 91.20 अछोटी 91 फीसदी वोटिंग हुई है।

### मतगणना के बाद देर रात वापस लौटा दल

मतदान की प्रक्रिया निपटने के बाद मततणना शुरू हो गया था। यह कार्य देर रात 11:30 बजे तक गिनती जारी थी। इस बीच मतदान दल के कर्मियों को मतगणना कार्य में भी हाथ बंटाना पडा। हांलाकि देर रात मतगणना कार्य निपटने के बाद परिणाम भी जारी कर दिए गए। वही मशीनों के मिलान के बाद मतदान दल वापस मुख्यालय पालिटेक्निक कॉलेज लौट आए, जहां बारी-बारी से पेटियां जमा की गई।

### मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

पहले चरण के चुनाव में महिला, पुरूष, जवान, वृद्ध और नये मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। मतदान केन्द्रों में मतदाताओं ने लाईन में लगकर अपनी बारी का इन्तजार के साथ उत्साहपूर्वक मतदान किये। प्रथम चरण में पंच, सरपंच के अलावा चार जिला पंचायत सदस्य और 24 जनपद पंचायत सदस्य हेतु मतदान संपन्न हुआ। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में छाया, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गये थे। मतदान केन्द्रो में दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग के लिए रेडक्रॉस के वालिंटियर भी तैनात थे।

### सुबह सन्नाटा, दोपहर बाद अचानक बढ़ी भीड़

जिले के 73 ग्राम पंचायतों में पहले चरण की वोटिंग सुबह सात बजे शुरू हो गई। सुबह कतारे में बुजूर्ग वर्ग नजर आए। इस दौरान संख्या बूथो में कम दिखी। सात बजे वोटिंग शुरू हुई। इसके दो घंटे बाद यानि नौ बजे 12.80 फीसदी ने मतदान किया। वहीं दो घंटे बाद ग्यारह बजे तक 28.12 फीसदी वोटरों ने मतदान किया था। वहीं एक बजे तक 45.19 फीसदी ने मतदान किया। वही तीन बजे तक 84.39 ने मतदान किया। पंचायत चुनाव को लेकर महिलाओं में जबर्दस्त उत्साह दिखा।

**गांव में वोटरों ने दिखाया गजब का उत्साह, केन्द्रों में सुबह से लगी कतारें**

### मतदान का प्रतिशत जानिए

| टाइम | पुरूष | महिला | वोटिंग % |
|---|---|---|---|
| 9 बजे | 10661 | 10379 | 12.80 |
| 11 बजे | 22406 | 23378 | 28.12 |
| 1 बजे | 34917 | 38673 | 45.19 |
| 3 बजे | 68702 | 68719 | 84.39 |



# 70 लाख का शेयर फर्जी तरीके से अपने नाम किया, आरोपी जयपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

कूटरचित दस्तावेज के माध्यम से कानपुर से भिलाई आकर निवासरत एक व्यक्ति के 70 लाख रुपए शेयर को अपने नाम करने वाले जयपुर निवासी शेयर व्यापारी के खिलाफ सुपेला पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला पंजीबद्ध किया था। 5 साल बाद फरार आरोपी को पुलिस ने जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया है। शेयर की वर्तमान बाजार कीमत पौने 3 करोड़ रुपए है। पुलिस इस मामले में जांच शुरु कर दी है। सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 जून 2020 को परिवादी प्रणय कुमार गांगुली पुत्र प्रफुल्ल कुमार निवासी मकान नम्बर 8 सड़क नम्बर-5, स्टील कॉलोनी



नेहरू नगर ने पुलिस थाना सुपेला जिला दूर्ग छत्तीसगढ़ पर एक रिपोर्ट पेश की कि 15 जनवरी 2019 में एशियन पेन्ट कम्पनी में मुम्बई से प्रार्थी से पत्राचार किया गया था। लेकिन प्रार्थी कानपुर से भिलाई आकर रहने लगा जिस वजह से समयावधि में पत्र नहीं मिला। जिसका फायदा उठाकर आरोपी विमल कुमार शाह ने कुटरचित दस्तावेज के माध्यम से शेयर को अपने नाम करवाने के लिए आरओसी जयपुर के माध्यम से विमल कुमार शाह ने स्थानान्तरण के लिए 70 लाख रुपए का शेयर खरीदना बताकर स्थानान्तरण के लिए प्रकरण पेश किया है जबकि प्रवण कुमार गांगुली को किसी प्रकार से रकम किसी भी माध्यम से नहीं दी गई।

### शेयर की मौजूदा कीमत है पौने 3 करोड़ रुपए

आरोपी वर्ष 2020 से फरार चल रहा है कि आरोपी विमल कुमार शाह ने कूटरचित तरीके से फर्जी दस्तावेज के माध्यम से कुल 70 लाख रूपये की शेयर जिसकी वर्तमान कीमत 2 करोड़ 75 लाख रुपए की है। खरीदी करना बताकर आर.टी.ए के पास आर.ओ.सी के माध्यम से दस्तावेज पेश किया।

# एक जमीन को सात लोगों को बेचा, जीजा-साली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

- स्मृति नगर पुलिस चौकी का मामला

स्मृति नगर पुलिस चौकी अंतर्गत कोहका में एक ही जमीन को सात लोगों को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में एक गिरोह काम कर रहा था। पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ किया है। आरोपी जीजा-साली सहित अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि साधना देवी एवं एस. देवी निवासी भिलाई ने इस मामले की शिकायत की थी। उन्होंने कहा कि कोहका स्थित जमीन खसरा नं. 3310/06,07 को कन्हैया शर्मा के द्वारा अपने साथी के साथ के मिलकर योजनाबद्ध तरीके से अपनी स्वयं की डेढ़ सास के. रजनी रत्नम एवं अन्य एक महिला को साधना देवी व एस. देवी बनाकर उसके ग्राम कोहका स्थित जमीन को संतोष खण्डूजा के पास बिक्री कर दिया था। स्मृति नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। साधना देवी एवं कन्हैया शर्मा की पता तलाश में पुलिस खुर्सीपार पहुंची। आरोपी फरार थे। मायके अहिवारा वार्ड 6 थाना नंदिनीनगर में जाकर दबिश दी, जहां पर कन्हैया लाल पिता स्व. मिश्री लाल उम्र 67 वर्ष सुन्दर भवन के पास खुर्सीपार एवं रजनी रत्नम पति के. रत्नम उम्र 59 वर्ष जोन-2 खुर्सीपार मिले। पूछताछ करने पर घटना को जुर्म घटित करना स्वीकार किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।




**नेहरूनगर चौक पर मेन राइजिंग पाइप में लीकेज**

# कल से दो दिन आधे शहर में पानी सप्लाई प्रभावित

- फरीद नगर, स्मृति नगर, स्लाटर हाउस, खम्हरिया, रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली में नहीं खुलेंगे नल



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

एसएफ बटालियन के ठीक सामने स्थित 66 एमएलडी का फिल्टर प्लांट में 19 और 20 फरवरी को शटडाउन लिया गया है। इस वजह से आधे भिलाई शहर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। निगम अधिकारियों ने बताया कि नेहरूनगर चौक स्थित यातायात पुलिस कार्यालय के पास मुख्य राइजिंग पाइप में लीकेज सामने आया है। इस लीकेज का मेंटेनेंस किया जाना आवश्यक है। इसलिए फिल्टर प्लांट में शटडाउन लेकर मेंटेनेंस किया जाना है। मेंटेनेंस का काम 19 फरवरी की सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। इसकी वजह से 19 फरवरी की शाम की पाली में फरीद नगर एवं स्मृति नगर में पानी सप्लाई प्रभावित रहेगी। इसी प्रकार 20 और 21 फरवरी को नेहरू नगर, स्मृति नगर, फरीद नगर, स्लाटर हाउस, खम्हरिया, रूआबांधा, नेवई, मरोदा, रिसाली में पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। मेंटेनेंस के बाद इन क्षेत्रों में पानी की सप्लाई की जाएगी।

### प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से होगी आपूर्ति

अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में अगले तीन दिनों तक टैंकरों से आपूर्ति की जाएगी। वार्ड लोगों को इस बारे में जानकारी दे दी गई है। वहीं कुछ जगहों पर पुराने मोटर पंप एक्टिव किए गए हैं। पंप हाउस के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में पानी पहुंचाने के इंतजाम किए जा रहे हैं। लोगों को पानी की समस्या न हो, इसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं। शटडाउन के दौरान शहर के अन्य हिस्सों में भी मेंटेनेंस का काम किया जाएगा।



# चूल्हा-चौका के साथ अब शहर की सत्ता संभालेंगी दो दर्जन महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

अलग खबर

नगरनिगम की सरकार में इस बार 24 महिलाओं का सदन में दबदबा रहेगा। सदन में यह देखना भी दिलचस्प होगा कि, आरक्षण की चपेट में आए पतियों ने अपनी पत्नि को मैदान पर उतारा और जीत भी हासिल कर ली। लेकिन जनता के मुद्दो पर कितने वे प्रखर होती है।

यह आगे देखना दिलचस्प होगा। क्योकि ज्यादातर महिलाएं राजनीति से कोशो दूर रही हे। लेकिन सात जन्मों की कसम खाने वाली पतिव्रती पत्नियों ने आरक्षण के चक्कर में पतियों की लाज बचाने राजनीतिक में आ गई हैं।

भाजपा और कांग्रेस सहित निर्दलीय से चार महिलाएं चुनाव जीतकर आई हैं। इसमें से ज्यादातर महिलाएं घर में चूल्हा चौका में ही व्यस्त रही है। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में उन्हें अपना दमख दिखाने चुनौतियों का सामना करना पडेगा। जानकारी अनुसार भाजपा से वार्ड चार लीना दिनेश देवांगन, वार्ड 14 ललीता ठाकुर, वार्ड 17 सुरूचि उमरे, 20 सावित्री देवी दमाहे, 21 विद्यावती सिंह, 28 ममता सेन, 31 हर्षिका संभव जैन, 33 शशि द्वारिका साहू, 40 सरिता चंद्राकर, 48 लोकेश्वरी ठाकुर, 52 गुलशन गायत्री साहू, 54 हिरौन्दी चंदानिया, 56 कांग्रेस से बागी कुमारी साहू, 58 रेशमा सोनकर 59 नीलम सिंह परिहार हैं।

## भाजपा से 15 और कांग्रेस से जीतकर आईं 5 व निर्दलीय चार महिलाएं

### कांग्रेस से पांच महतारियां भी जीती

शहर के साठ सीट में कांग्रेस के झोली में बारह सीट आई है। जिसमें 5 सीट पर महिलाओं का कब्जा है। जिसमें वार्ड 24 पायल पाटिल, 25 मनीषा सोनी, 41 रूबीना हमीद खोखर, 50 रेखा बंजारे व 60 से नीरा खिचरिया जीतकर आई हैं। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी में वार्ड 19 रंजीता पाटिल 29 बबिता यादव भाजपा से बागी प्रत्याशी, वार्ड 36 से बीफार्म निरस्त होने के बाद निर्दलीय लडी प्रतिमा गुप्ता, 53 सविता साहू जो भाजपा से बागी होकर लडी और जीतकर आई हैं।

### महिलाओं का हाथ बटाएंगे अनुभवी पति

सदन में जो महिलाओं जीतकर आई है। उसमें ज्यादा महिलाओं के पति पहले लंबे समय तक पार्षद रह चुके है। आरक्षण के कारण पत्नियों को चुनावी मैदान में उतारना पडा। हांलाकि इसमें एक ससुर और मां भी शामिल हैं। जिसमें भाजपा से वार्ड 59 शिवेन्द्र परिवार, वार्ड चार के दिनेश देवांगन जो पूर्व सभापति सहित पार्षद रहे है। वार्ड 28 ममता सेन और वार्ड 21 से अरूण सिंह की मां विद्यावति सिंह वर्तमान में पार्षद बनी। वहीं कांग्रेस से वार्ड 41 पूर्व पार्षद व एमआईसी मेंबर रहे हामीद खोखर, वार्ड 50 रेखा बंजारे अपने ससुर ज्ञानदास बंजारे का प्रतिनिधित्व करेगी। वार्ड 19 निर्दलीय रंजीता पाटिल उनके पति क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### जनता का निर्णय सर्वोपरि-वोरा



दुर्ग। नगरीय निकाय चुनाव के सामने आए परिणाम को लेकर पूर्व विधायक अरूण वोरा ने कहा कि, हम पूरी विनम्रता से इसे स्वीकार करते हैं। इस चुनाव में हमारे कार्यकर्ताओं ने जो दिन-रात समर्पण, मेहनत और जज़्बा दिखाया, वह प्रशंसा योग्य है। हमारे हर प्रत्याशी ने पूरी ताकत से चुनाव लड़ा और जनता तक अपनी बात पहुंचाने का पूरा प्रयास किया। चुनावी मैदान में कड़ी टक्कर देखने को मिली, और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बावजूद परिणाम हमारी उम्मीदों के विपरीत रहे। हमें आज हार का बेहद दर्द है, लेकिन संघर्ष का संकल्प उससे कहीं बड़ा है। हम आत्ममंथन करेंगे, अपनी कमियों को सुधारेंगे और पहले से अधिक मजबूती और ऊर्जा के साथ जनता के बीच लौटेंगे। कांग्रेस सिर्फ एक पार्टी नहीं, एक विचारधारा है और विचारधाराएं कभी पराजित नहीं होतीं। हमारा संघर्ष जारी रहेगा, और हम और ताकत से वापसी करेंगे।

### डीएवी मॉडल कॉलेज की छात्रा ने मारी बाजी



दुर्ग। हेमचंद यादव विवि द्वारा बीएड पाठ्यक्रम के चतुर्थ सेमेस्टर 2024 की प्रावीण्यक्रम सूची में डीएव्ही मॉडल कॉलेज आर्य नगर धमधा रोड के मेघा सराफ ने 962/1200 अंक प्राप्त कर हेमचंद यादव विवि में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। डायरेक्टर विनीत बंसल ने छात्रा और उनके परिवार को बधाई दी और कहा कि वर्तमान परिवेश में समय, तकनीकी और वातावरण के साथ समावेश करने वाले व्यक्ति ही अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं इसके लिए हमारे शिक्षकों का संपूर्ण योगदान रहता है। महाविद्यालय के सचिव संतोष शर्मा उपाध्यक्ष विनीत श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुजीत खरे, प्राचार्या डॉ प्रतिभा छिब्बर, प्राध्यापक श्रीमती उषा साहू, श्रीमती मधु यादव, श्रीमती एल शाने विजय, श्रीमती ज्योति सिंह, प्रियंका मिश्रा, आदि ने छात्रा को बधाई दी है।

### ननि निर्वाचन क्षेत्रों में आचार संहिता शिथिल

दुर्ग । छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा नगर पालिक निगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई चरोदा, नगर पालिका परिषद कुम्हारी, अमलेश्वर, अहिवारा तथा नगर पंचायत धमधा, पाटन, उतई निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभाव शून्य घोषित की गई है।

### कन्या कालेज में प्रायोगिक परीक्षा 19 से

दुर्ग। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में बी.ए. गृहविज्ञान के नियमित, भूतपूर्व, अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों के गृहविज्ञान प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 20 फरवरी, गृहविज्ञान विभाग में प्रातः 10.30 बजे एवं बी.ए. मनोविज्ञान के नियमित, भूतपूर्व अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों के मनोविज्ञान प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा 21 फरवरी तथा तृतीय वर्ष की 19 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे मनोविज्ञान विभाग में आयोजित होगी।

## रैली : नव निर्वाचित महापौर की विजय रैली में उमड़ा जनसैलाब

# अल्का की शहर में निकली आभार रैली, समर्थकों में जमकर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

भाजपा के दावे से ज्यादा बंफर वोट लेकर महापौर के लिए निर्वाचित अल्का बाघमार की शहर में विशाल रैली निकाली गई। इस आभार रैली में बडी संख्या में समर्थको के साथ कार्यकर्ता मौजूद थे। नव निर्वाचित महापौर अल्का बाधमार ने रोड में लोगों का अभिवादन किया।

आयोजित विजय जुलुस रैली जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कंपलेक्स, पोलसाय पारा, तकियापारा, होटल मान चौक, कंकाली मंदिर चौक, चंडी मंदिर चौक, शिवपारा, गवली पारा, गांधी चौक, जवाहर चौक से होते हुए भाजपा कार्यालय में जाकर संपन्न हुई। शहर की नवनिर्वाचित महापौर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अलका बाघमार ने 67295 रिकॉर्ड वोटो से ऐतिहासिक जीत दर्ज की हैं। निगम चुनाव में 40 से अधिक वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद निर्वाचित हुए हैं। ऐतिहासिक जीत के पश्चात सोमवार को दुर्ग में भव्य विजय जुलुस रैली निकाली गई। आयोजित भव्य विजय जुलुस रैली में चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, कांतिलाल बोथरा, राजेंद्र पाध्ये, भाजपा नेता संजय बघेल उपस्थित रहे। रैली में दीपक चोपड़ा, दिनेश देवांगन, राजा महोबिया, संतोष सोनी, महेंद्र सिंह लोढ़ा, कमलेश फेकर, अजय तिवारी, सतीश बाघमार, मनोज टावरी, बानी सोनी, गायत्री वर्मा, डॉक्टर शरद चंद्र अग्रवाल, रत्नेश चंद्राकर, श्याम शर्मा, गोविंद देवांगन, ममता ओमप्रकाश सेन, सरिता विनोद चंद्राकर, काशीराम कोसरे, देवनारायण चंद्राकर, कुलेश्वर साहू, खालिक रिजवी, मनीष साहू, डॉक्टर देवनारायण टांडी, मनीष कोठारी, मनोज सोनी, नीलेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, लीलाधर पाल के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व आम जनमानस शामिल हुए।

**रैली में कार्यकर्ताओं ने फोड़े पटाखे, जगह-जगह रैली का किया गया स्वागत**





### गजेन्द्र ने कहा- ट्रिपल इंजन की रफ्तार से दौडेगी सरकार

विधायक ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा पार्टी सदैव एक छोटे कार्यकर्ताओं को उसके कार्य कुशलता उसकी समर्पण के आधार पर उसे अवसर प्रदान करती है। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने कहा केन्द्र और राज्य में भाजपा के बाद निगम में भी भाजपा आने से ट्रिपल इंजन वाली सरकार तेजी से दौडेगी। महापौर प्रत्याशी अलका बाघमार ने एक ऐतिहासिक जीत प्राप्त करने से विकास की रफ्तार और दुगुनी हो जाएगी। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा विगत संपन्न हुए विधानसभा लोकसभा चुनाव और अब नगरी निकाय चुनाव में अपने विश्वास को और अटल करते हुए हमें ऐतिहासिक जीत दिलाई हैं।

### जनता की आकांक्षाओं को पूरी करूंगी-अल्का

दुर्ग शहर के महापौर अलका बाघमार ने कहा कि, दुर्ग शहर की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप में कार्य करूं, यही मेरी कामना रहेगी। चुनाव के दौरान आम जनमानस में मुझे अपनी पीड़ा बताई थी। उसे पूरा करना मेरा प्रयास रहेगा। विगत 5 वर्षों में दुर्ग पूरी तरह से पीछे चला चला गया था। अब इन बातों को छोड़कर दुर्ग में नए कलेवर के साथ दुर्ग का विकास करेंगे। उन्होने कहा दुर्ग शहर की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं।

# अधिसूचना जारीः पन्द्रह दिन के अंदर कराने होंगे सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नगरीय निकाय चुनाव निपटने के बाद आयोग द्वारा आचार संहिता शून्य कर दिया गया है। वही प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के चुनाव परिणाम और गठन की अधिसूचना विगत रविवार को ही राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रकाशित कर दी थी। नगरीय प्रशासन विभाग के सूत्रों के मुताबिक इसके बाद अगले 15 दिनों के भीतर सभी निकायों के पहले सम्मेलन और सभी निर्वाचितों को सदस्यता की शपथ करानी होगी।

- आगामी 3 मार्च से पूर्व करना होगा पहला

चुनाव परिणाम आने के बाद अगले माह की 3 तारीख तक शपथ ग्रहण कराने के बाद प्रशासक हटेंगे। बताया गया है कि, यह कार्यवाही संबंधित कलेक्टर और उनके सक्षम प्राधिकार कराएंगे। इसके बाद ही सभी निकायों से प्रशासक वापस लिए जाएंगे। उसके बाद ही महापौर अध्यक्ष, एमआईसी, पीआईसी का गठन कर सकेंगे। इससे पहले राज्य निर्वाचन आयोग ने मतगणना होने के बाद पालिकाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता का प्रभाव शून्य कर दिया है। उल्लेखनीय है कि, आयोग ने बीते 20 जनवरी को चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए आचार संहिता लगाई थी।

### महापौर और पार्षदों को कलेक्टर दिलाएंगे शपथ

जारी अधिसूचना के अनुसार पन्द्रह दिन के अंदर कलेक्टर प्रथम सम्मेलन कराने आदेश जारी करेंगे। जिसके बाद महापौर और पार्षदों को उनके द्वारा शपथ दिलाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि, वर्तमान में दुर्ग नगरनिगम में कलेक्टर प्रशासक बनाकर बिठाया गया था। बहरहाल चुनाव संपन्न होने के साथ ही महापौर जीतकर आ चुके है। जिसके बाद प्रथम सम्मेलन का इंतजार हैं। प्रथम सम्मेलन के बीच ही सभापति का चुनाव भी किया जाएगा। जिसके बाद ही मेयर एमआईसी का गठन करेगें।

# गोकुल नगर फिर होगा गुलजार, 71 हितग्राहियों से मंगाए गए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पिछले लंबे समय से बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट रहा गोकुल नगर अब फिर से गुलजार होगा। नगरनिगम में सत्ता अब भाजपा के हाथो में आ गई है। शपथ ग्रहण के पहले ही निगम प्रशासन एलर्ट हो गया है। निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में सर्वे किए गए लोगों के व्यवस्थापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई हैं।

- गोकुल नगर अब फिर होगा गुलजार

उल्लेखनीय है कि, भाजपा के घोषणा पत्र में गोकुल नगर के व्यस्थापन कराने का वादा रहा है। यही कारण है कि निगम प्रशासन इस प्रक्रिया में जुट गया हैं। इससे पहले कांग्रेस की सत्ता निगम में आने के दौरान करीब पचास एकड जमीन पर बायोगैस बनाने की योजना थी। हांलाकि कांग्रेस द्वारा गोकुल नगर तैयार तो किया गया। लेकिन व्यवस्थान के लिए कारगार प्रयास नही किया और प्रक्रिया पूरी नही हो पाई। पूर्व में यहां प्रकाश व्यवस्था के साथ ही नैपीयर घास, पैरा कुट्टी मशीन, गौमुत्र का उपयोग सहित अन्य प्लानिंग तैयार किया गया था। बहरहाल फिर से वहां मवेशियों के लिए सर्व सुविधायुक्त गोकुल नगर तैयार करने की प्लानिंग शुरू कर दी गई हैं।



### व्यवस्थापन के लिए जारी करेंगे भूखंड

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पुलगांव स्थित वार्ड कमांक 54 में गोकुल नगर योजना व्यवस्थापन के तहत भूखण्ड आबंटन किया जाना प्रस्तावित है। इसको लेकर नगर निगम ने जिला शहरी विकास अभिकरण दुर्ग द्वारा अनुमोदित सूची में नाम दर्ज है। नगर निगम के डाटा सेंटर में दिनांक 19 फरवरी को समय दोपहर 2 बजे सर्वे किये गए हितग्राहियों के समक्ष लाटरी निकाली जाएगी। पूर्व में 71 लोगों का सर्वे किया गया है एवं सर्वे हितग्राहियों से आवेदन मंगाया गया है। रिक्त भूखंडों के लिए लाटरी निकाली जाएगी।

### 25 तक रद्द रहेगी इतवारी -टाटा पैसेंजर

दुर्ग। चक्रधरपुर मंडल के बंडामुंडा स्टेशन में नान इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिया गया है। जिसके चलते 25 फरवरी तक ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। अलग-अलग दिनों में चार ट्रेनें रद्द रहेंगी। 8 ट्रेनों को नियंत्रित करते हुए देर से और एक ट्रेन को बदले हुए मार्ग से चलाई जाएगी। जारी आदेशानुसार 15 से 25 फरवरी तक टाटानगर इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। साथ ही आरा से दुर्ग आने वाली साउथ-बिहार एक्सप्रेस 24 फरवरी और दुर्ग से आरा जाने वाली दक्षिण बिहार एक्सप्रेस 25 फरवरी को रद्द रहेगी। इसी तरह 17 फरवरी को 20821 पुणे-शालीमार एक्सप्रेस 2-3 घंटे देरी से और इसी दिन 12767 नांदेड़-शालीमार एक्सप्रेस 1-2 घंटे देरी से चलेगी। 24 फरवरी को 07005 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल 3-4 घंटे, 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 2-3 घंटे, 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस 1-2 घंटे देरी से चलेगी।

# बिजली की आंखमिचौली से किसान हो रहे परेशान, सूखने लगी फसलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

रबि सीजन में किसानों ने विभिन्न किस्त का फसल लगाया है। लेकिन इस बीच आय दिन बिजली की आंख मिचौली से किसान परेशान हो गए है। फसल सूखने के कगार पर है। ऐसे में बिजली बंद हो जाने से किसानों की समस्या बढ गई हैं।

ज्यादातर समस्या पाटन विकासखंड में देखने को मिल रहा हैं। यहां किसान फसलों को लेकर काफी परेशान हैं। ग्राम खहारिया बिजली फीडर से किसानों को मोटर पंप के लिए सप्लाई दी गई है। लेकिन यह सप्लाई बार-बार बाधित होने से किसान खेत में लगे बोर पंप को ठीक से चला भी नहीं पा रहे हैं। यही कारण है कि खेत में लगे फसल सूखने की स्थिति में है। किसानों ने मांग की है कि बिजली व्यवस्था सुधारी जाए और पंप कनेक्शन को सुचारू रूप से व्यवस्थित कर बिजली दी जाए, जिससे खेत में लगी फसलें सूखने से बच सके। खम्हारिया विद्युत वितरण केंद्र से पास के गांव सोनपुर, तरीघाट व सिपकोना सहित अन्य गांवों में बिजली की सप्लाई की जाती है। किसानों के खेतों में लगे मोटर पंप बोर को बिजली प्रदान करने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। लेकिन पिछले कुछ दिनों से पंप लाइन की बिजली कटौती लगातार होने लगी है जिससे किसान परेशान है।



### रोपाई कार्य में आ रहा व्यवधान

किसानों ने बताया कि, खेत में अभी धान की फसल लगी है। बार-बार बिजली व्यवस्था बाधित होने से खेतों में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। बोर पंप लगातार नहीं चल पा रहा है, जिसके कारण धान की फसल सूखने की स्थिति में है।

## बुजुर्ग मतदाताओं ने बड़े उत्साहपूर्वक व्हील चेयर में बैठकर किया वोट

# युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांगों में जमकर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत 17 फरवरी को प्रथम चरण का जनपद पंचायत दुर्ग के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान किया गया।

पहले चरण में दुर्ग जनपद के 73 ग्राम पंचायतों में चुनाव कराया गया। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में जबरदस्त उत्साह के साथ मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ ही बारात के पहले दूल्हा और नवविवाहित जोड़ें ने भी मतदान कर अपनी खुशी जाहिर की। बुजुर्ग मतदाताओं ने बड़े उत्साहपूर्वक व्हील चेयर में बैठकर वोट किया। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को ग्रामीण क्षेत्रों में त्यौहार की तरह मनाया गया। ग्रामीण मतदाताओं ने पूरी ऊर्जा के साथ जिला पंचायत सदस्य से लेकर पंच पद के निर्वाचन में हिस्सा लिया। उत्साहपूर्वक ग्रामीण मतदाताओं ने लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाई।

- बुजुर्ग मतदाताओं ने व्हीलचेयर पर बैठकर किया मतदान











# नाली में सोने, चांदी के टुकड़े बीनने वाली को मिला पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 34 शिवपारा दुर्ग में निवासरत श्रीमति गुरबारीन उइके पति स्व. राजकुमार उइके अपने परिवार सहित सराफा बाजार व आस पास के क्षेत्र में नाली साफ कर सोना तथा चाँदी इत्यादि धातु बीनने का कार्य करती है। विगत 40-50 साल से इस स्थान पर कच्चे मकान में निवासरत थी। टूटे, फूटे पानी चूहते हुए बिना शौचालय के जैसे-तैसे इतने वर्ष गुजार दिए। उनके पति प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान बनाने के लिए आवेदन दिया। स्वीकृति पश्चात उनका मकान बनकर तैयार हो गया। उन्होंने बताया कि कुछ समय पश्चात अधिकारी व कर्मचारी के निरीक्षण इत्यादि के बाद मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार किश्तों में मकान के निर्माण अनुसार राशि प्रदान की गई।

## खबर संक्षेप



### विधायक ललित ने किया परिवार के साथ मतदान

**अंडा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अन्तर्गत सोमवार को मतदान हुआ। दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अपने गृहग्राम कोलिहापुरी के बूथ क्रमांक 36 शासकीय प्राथमिक शाला मतदान केंद्र पहुंचकर परिवार सहित लाइन में खड़े होकर मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर जनतंत्र को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर ने कहा मतदान देशहित के लिए राष्ट्र निर्माण के लिए विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी मतदाताओं से अपील करता हूँ कि अपने अमूल्य वोट का अवश्य प्रयोग करें। इस दौरान पत्नी मीनाक्षी चंद्राकर, भतीजी मुस्कान चंद्राकर, हिमानी चंद्राकर, प्राची चंद्राकर, चन्द्रशेखर चंद्राकर, जय चंद्राकर ने वोट डाला।

### स्थापना दिवस मना

**सेलूद।** पाटन ब्लॉक के सबसे बड़े ग्राम पंचायत सेलूद के वार्ड क्रमांक 2 बजरंग चौक कन्या हाई स्कूल के सामने स्थित श्री सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान भगवान शिव की पूजा अर्चना कर अभिषेक किया गया। फूलों से महादेव का विशेष श्रृंगार किया गया। पंडित परमानंद द्विवेदी द्वारा पूजा-अर्चना कराया गया। मुख्य यजमान के रूप में भेष नारायण सेन, कुसुम सेन थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बलराम यादव, विष्णु निर्मलकर, अनिरुद्ध वर्मा भीषणारायण सेन, संजय साहू, लक्ष्मीकांत यादव, आयुष वर्मा, मानसी यादव, रिया वर्मा, कान्हा साहू, ओजस्वी साहू, अदिति वर्मा आदि उपस्थित थे।

### निधन

### सत्यानंद प्रसाद

**भिलाई।** गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं कोल इंडिया के पूर्व उप मुख्य अभियंता सत्यानंद प्रसाद का निधन 16 फरवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 फरवरी को दोपहर 3 बजे से उनके निवास स्थान 43/9 नेहरू नगर (पूर्व ) से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे बीएसपी शिक्षा विभाग की पूर्व सीनियर लेक्चरर कोकिला प्रसाद के पति एवं कपिल प्रसाद के पिता थे।



## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के प्रथम चरण का हुआ मतदान

# ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से देर रात तक चला मतदान कार्य, मतदाताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**अंडा क्षेत्र के आसपास सभी पंचायतों में शांतिपूर्ण हुआ मतदान**





त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए सुबह से मतदान शुरू हो गया था। इस चुनाव में ग्रामीणों में भारी उत्साह दिखा। विशेष रूप से ग्राम अंडा, चंदखुरी, कुथरेल वहां सुबह से ग्रामीण लंबी लाइन मिलकर मतदान किया। हर जगह शांतिपूर्ण चुनाव हुई। ग्रामीण क्षेत्र का यह चुनाव तीन चरणों में हो रहा है। इसमें मतदान की तिथि 17, 20 एवं 23 फरवरी निर्धारित की गई है। सामान्य इलाकों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित किया गया था। क्षेत्र के कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी, कोनारी, कुथरेल, भरदा, अछोटी, चिंगरी, अंडा, विनायकपुर, आमटी, माशाभाट, निकुम, आलबरस, तिरगा, झोला, भोथली, खाड़ा, रूदा, मोहलाई क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान किया गया। क्षेत्र क्रमांक 7 के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी माया बेलचंदन ने अपने ग्राम पंचायत झोला में मतदान किया गया। आशा सुरेश साहू ग्राम भोथली में मतदान किया और आशा विक्की मिश्रा ने भी अपने गृह ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में मतदान शांतिपूर्ण मतदान डाले गये। यशवंत निर्मलकर अंडा को स्कूली स्काउट गाइड के बच्चों व्दारा वीलचेयर के सहारे मतदान करने केन्द्र में ले गये।

वहीं दुर्ग जनपद के 257 मतदान केन्द्र में मतदान हुआ। पंचायत चुनाव में मतदाता को चार अलग-अलग मतपत्र में वोट दिये। पंच- सफेद, सरपंच - नीला, जनपद सदस्य -पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र है। मतदान समाप्ति पश्चात देर रात तक मतदान केन्द्र में ही मतों की गणना की गई। मतगणना का कार्य पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने केन्द्र के मतदान अधिकारियों के सहयोग से किया गया। मतगणना पश्चात मतदान दलों द्वारा निर्धारित सामग्री वितरण केन्द्र में ही मतदान सामग्री 17 फरवरी की शाम से देर रात्रि तक जमा की गई। मतगणना का सारणीकरण 18 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय में किया जाएगा। सारणीकरण के बाद जनपद पंचायत कार्यालय से परिणाम घोषित किये जायेंगे।



## नवनिर्वाचित कुम्हारी पालिकाध्यक्ष मीना ने निकाली आभार रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

नगर पालिका परिषद कुम्हारी के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की आशातीत सफलता से नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। नगरपालिका की नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना वर्मा ने आभार रैली निकालकर नगर के लोगों का आभार व्यक्त किया। सुबह 10.30 बजे अध्यक्ष मीना वर्मा ने कांजी हाउस के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर वार्ड क्रमांक 1 से रैली की शुरुआत की। उन्होंने सभी वार्डों के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया एवं इस जीत का श्रेय सभी नगरवासियों को देते हुए सभी का आभार माना। रैली के दौरान उन्होंने कहा कि आपने मुझे अपना अमूल्य मत देकर जीत दिलाई है उसके लिए मैं सदैव आपकी ऋणी रहूंगी। मैं सदैव आपकी सेवा में तत्पर रहूंगी और आप सभी के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। कुम्हारी के तमाम वार्डों के अलावा रामपुर चोरहा, जंजगिरी, कुगदा एवं परसदा पहुंचकर सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस बीच उन्होंने वार्ड क्रमांक 18 के खारुन ग्रीन्स कॉलोनी स्थित कुबेरेश्वर धाम मंदिर में पूजा अर्चना की। इस आभार रैली में उनके साथ खिलावन साहू, योगेश साहू, राकेश पाण्डेय, मिथलेश यादव, तृप्ति चन्द्राकर, रामाधार शर्मा, रीता पाण्डेय एवं अमरजीत सिंह गिल सहित नवनिर्वाचित पार्षदों में लोकेश साहू, अश्वनी देशलहरे, आर प्रवीण राव आदि उपस्थित थे।

■ खारुन ग्रीन्स कॉलोनी स्थित कुबेरेश्वर धाम मंदिर में पूजा अर्चना की

## प्रेमचंद के मानवीय जीवन मूल्यों पर व्याख्यान का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

चंदूलाल चंद्राकर शासकीय महाविद्यालय धमधा में सोमवार को हिंदी विभाग द्वारा आयोजित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से 'प्रेमचंद चित्र विथिका प्रदर्शनी' का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. उषाकिरण अग्रवाल के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग की अतिथि शिक्षक सहायक शबीना द्वारा रिबन काटकर हुआ। तत्पश्चात हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ.ज्योति करकेट्टा द्वारा प्रेमचंद के साहित्यिक अवदान तथा सामाजिक सरोकार को उजागर किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राएं प्रेमचंद चित्र विथिका का अवलोकन करते हुए प्रेमचंद के विचारों से अवगत हुए। इस प्रदर्शनी का आयोजन 17 से 22 जनवरी तक महाविद्यालय के हिंदी विभाग के कॉरिडोर में किया जा रहा है। इस आयोजन में प्रति दिवस विद्यार्थियों को प्रेमचंद के मानवीय जीवन मूल्यों पर व्याख्यान का आयोजन किया जाना सुनिश्चित है। इस उद्घाटन दिवस पर प्राचार्य एवं डॉ.जीडीएस बग्गा, डॉ. दिव्या नेमा, तरुण पदमवार, डॉ. अशोक कुमार तिवारी, डॉ. हर्ष कुमार वर्मा, मयंक मार्टिन डीन, भूमिका यादव और समस्त प्राध्यापकगण के साथ विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

■ धमधा कॉलेज में हिन्दी विभाग का आयोजन

## विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रमुख लक्ष्यः प्राचार्य डॉ. नंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन





शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन में प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की जानकारी और स्नातक द्वितीय सेमेस्टर में विषय चयन के सबंध में जानकरी के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कक्ष क्रमांक 16 में किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक बीएम साहू, राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष शैलेष मिश्र, एनईपी प्रभारी डॉ गौरव शर्मा के आतिथ्य में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यशाला प्रारम्भ किया गया। प्राचार्य डॉ. नंदा गुरवारा ने सभी को आशीर्वाद एवं शुभकामनायें देते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डाला और कार्यशाला के उद्देश्यो से अवगत कराया। कार्यक्रम के संचालन कर रहे डॉ. गौरव शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पाठ्यक्रम पर अपने विचार रखे। शैलेष मिश्र ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत द्वितीय सेमेस्टर में विषय का चयन कैसे करें इस पर विस्तार से जानकारी दिया। मिश्र ने बताया की द्वितीय सेमेस्टर में वैल्यू एडिशन कोर्स के जगह अब स्कील इन्हेस्नसमेंट कोर्स और कला, वाणिज्य विज्ञान, कप्यूटर साइंस संकाय में एबिलिटी इन्हेस्नसमेंट कोर्स में रोटेशन के तहत विज्ञान और कप्यूटर साइंस संकाय में अंग्रेजी भाषा के जगह हिंदी भाषा, वाणिज्य संकाय में पर्यावरण अध्ययन की जगह अंग्रेजी भाषा और कला संकाय में हिंदी भाषा के जगह पर्यावरण अध्ययन की पढ़ाई करेंगे। प्रथम सेमेस्टर की तरह द्वितीय सेमेस्टर में एक विषय अलग संकाय से जो निर्धारित पुल और महाविद्यालय में उपलब्ध कोर्स से चुनेंगे। इसके अतिरिक्त मिश्र ने बताया कि तीसरे सेमेस्टर के पश्चात 3 वर्ष की पढ़ाई करेंगे कि 4 वर्ष की बाद आनर्स की डिग्री मिलेगा इसका भी चयन करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा निति में शोध की पढ़ाई करने के लिए कौन कौन विद्यार्थी योग्य होंगे इसकी भी विस्तार से जानकरी दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय से समस्त प्राध्यापकगण एवं कला, वाणिज्य, विज्ञान और कम्प्यूटर साइंस संकाय के समस्त छात्र छात्राये उपस्थित थे।

■ पाटन कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

## भिलाई केन्दू पर्वत फाउंडेशन अध्यक्ष अतुल ने सीएम से की मुलाकात

**भिलाई।** भिलाई केन्दू पर्वत फाउंडेशन के अध्यक्ष भाजपा नेता अतुल पर्वत ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पहुंच कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात किया और पुष्प गुच्छ भेंटकर आशीर्वाद लिया। साथ ही नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मिली ऐतिहासिक विजय की बधाई दी। अतुल पर्वत ने विष्णुदेव साय को उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में प्रचंड विजय की शुभकामनाएँ भी दिए। इस अवसर पर कन्हैया मित्तल भी मौजूद थे।



## नपा अध्यक्ष ईश्वर ने विकास कार्यों का किया शुरुआत

**जामुल।** नगर पालिका परिषद जामुल में विकास कार्यों का गति काफी तेजी से चल रहा है। इसी तारतम्य में वार्ड क्र. 4 एवं वार्ड क्र. 5 में 21 लाख रूपये की लागत से नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने विकास कार्य प्रारंभ करवाया। गौरतलब हो कि नगर पालिका जामुल में लगभग विभिन्न वार्डों में हर प्रकार के कार्य हो रहे हैं। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि सभी प्रकार से प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति पश्चात हमारे नगर पालिका जामुल में सभी जनप्रतिनिधि गण एवं आम जनता के आवश्यकतानुसार कार्य हो रहे हैं। सोमवार को जो कार्य प्रारंभ हुआ उसमें वार्ड क्र.4 में सीमेंटीकरण चार लाख रूपये के लागत से एवं वार्ड क्र. 5 में सत्रह लाल पचास हजार रूपये के लागत से नाला निर्माण होगा। उक्त कार्यक्रम में पार्षद दीपक गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमन्त देवांगन सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## सरस्वती ने किया जनसंपर्क, मुड़पार, चेटुआ पहुंची



**भिलाई।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 भाजपा अधिकृत प्रत्याशी सरस्वती सत्यप्रकाश बंजारे ने आज ग्राम मुड़पार, चेटुआ, मुरमुंदा, अछोटी आदि गाँव मे सघन जनसपंर्क किया। इस जनसंपर्क में जनता का अपार मया और दुलार मिलने से सरस्वती बंजारे का मनोबल और विश्वास दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। स्वयं सरस्वती बंजारे प्रत्येक घर मे जनसंपर्क कर प्रधानमंत्री मोदी और विष्णुदेव सरकार का जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के परिवार को जो लाभ मिल रहा है इसके विषय मे विस्तार से चर्चा किया जा रहा है। एक युवा महिला के प्रत्याशी बनने से सभी महिलाओं में सरस्वती बंजारे के प्रति रुझान और भी बढ़ गई है।

### बिजनेस साइट

## आरोग्यम में पुनर्निर्माण मूत्रविज्ञान पर एक दिवसीय कार्यशाला



**भिलाई।** आरोग्यम अस्पताल में पुनर्निर्माण मूत्रविज्ञान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मूत्र प्रणाली और जननांगों की क्षतिग्रस्त संरचनाओं के आधुनिक उपचार और सर्जरी तकनीकों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में दुर्ग संभाग के प्रमुख मूत्र रोग विशेषज्ञों और सर्जनों ने भाग लिया। देश के सुप्रसिद्ध मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. गौतम बंगा ने मूत्रमार्ग संरचना, मूत्राशय पुनर्निर्माण और जन्मजात मूत्र संबंधी विकृतियों के उपचार पर व्याख्यान दिए। साथ ही लाइव सर्जरी में हैपोस्पडिअस, ग्राफ्ट (बीएमजी) यूरेथ्रोप्लास्टी, एपिस्पेडियास, पेल्विक फ्रैक्चर मूत्रमार्ग सर्जरी की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान लाइव सर्जरी प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को आधुनिक लेजर तकनीक, माइक्रोसर्जरी और न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। आरोग्यम अस्पताल के प्रमुख मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नवीन राम दारुका ने कहा कि यह कार्यशाला चिकित्सा जगत के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। पुनर्निर्माण मूत्रविज्ञान के नवीनतम शोध और तकनीकों से रोगियों को बेहतर उपचार मिलेगा। इस कार्यशाला के आयोजन से चिकित्सा क्षेत्र में उन्नत उपचार विधियों के प्रति जागरूकता बढ़ी है और युवा डॉक्टरों को नई तकनीकों को सीखने का अवसर मिला है।

**भाजपा के खेमे में जीत की बड़ी खुशियां**

## निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले भाजपा के साजा, कुम्हारी और अमलेश्वर क्षेत्र के प्रत्याशियों ने सांसद विजय से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भाजपा के खेमें में जीत की बड़ी खुशियां आई है, कुछ स्थानों को छोड़कर लगभग सभी स्थानों पर स्थानीय निकाय के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। अब यह खुशियां सबके साथ बांटी जा रही है। जगह-जगह जाकर एक दूसरे को बधाइयां दी जा रही है। दुर्ग जिले में जीत हासिल करने वाले भाजपा के साजा, कुम्हारी और अमलेश्वर क्षेत्र के बड़ी संख्या में प्रत्याशियों ने सोमवार को सांसद विजय बघेल के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और इस जीत के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। सांसद विजय बघेल ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाइयां देते हुए उनसे पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करने का आव्हान किया। कुछ निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी यहां पहुंचकर सांसद विजय बघेल से मुलाकात की और उनके प्रति विश्वास व्यक्त किया है। सांसद विजय बघेल से उनके निवास पर पहुंचकर मुलाकात करने वालों में अमलेश्वर से नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर, भाजपा के मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, महामंत्री कैलाश यादव, राघवेंद्र द्विवेदी, नारायण शर्मा, रेवती सोनकर, वर्षा कश्यप, नीलम मिंज्य, सुनीता साहू, राजू श्रीवास्तव, सुखदेव साहू, लक्ष्मी देवांगन, भारती यादव, शीतल मिश्रा, मोना यादव, यामिनी यादव, बलदेव पाटकर, शिव साहू, फेरहा धीवर, डॉ आलोक पाल, धर्मेंद्र सोनकर, कुमार साहू, रावेंद्र द्विवेदी, अम्बिकेश कुमार मोनू, रामभाऊ, राहुल साहू, रोशन साहू, दुर्गेश साहू, विकास सोनी, ताम्रध्वज साहू और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### इन प्रत्याशियों ने की जीत हासिल

साजा में भाजपा के 9 प्रत्याशियों ने जीत हासिल की है। इनके साथ बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने यहां पहुंचकर सांसद विजय बघेल से मुलाकात की। इसमें साजा नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिमांशु वर्मा, प्रेरणा लाल, शौर्य जीत सिंह, कमल राजपूत, महेश साहू, विष्णु साहू, जागेश्वर ठाकुर, आशीष वर्मा, पार्वती वर्मा, राजू शर्मा, दुर्गा गोयल, संतोषी साहू, कशिश साहू, राजेश्वरी भुवाल, नेहा यादव, गोपाल वर्मा, गौकरण साहू, बुलाक साहू, विनोद शर्मा, राकेश भुवाल, रोहित सिंह, राजपूत, अरुण वर्मा, नेतराम साहू, जितेंद्र पवार, नारद साहू, सौर्य जीत सिंह के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। वहीं खमरिया के अनीश अग्रवाल, संतोष देवांगन, राजेश सिंघानिया, मोहन साहू, चेतन सिन्हा, अतुल सिंघानिया, नेहा सिन्हा, मनीष रात्रे, विजय यादव, अंजू टीकम अग्रवाल, जीतेन्द्र सिन्हा, राम भाई निर्मलकर, ललिता यादव, प्रवेश ध्रुव, साहिद बेग, ऋषि तिवारी, नेहा लहेरा, बलराम निषाद, सूरज पाल, भैया राम लहरे, गंगाराम यादव, नवीन अग्रवाल, चंदन अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, विजय शर्मा, संतोष अग्रवाल, रुद्रेश अग्रवाल भी शामिल थे।

### सत्संग समारोह 20 से

**जामगांव आर।** श्री कबीर शांति निकेतन गातापार में 35 वां वर्ष वार्षिक सत्संग समारोह का त्रि दिवसीय आयोजन 20 फरवरी से 22 फरवरी तक रखा गया है। स्मृति शेष साध्वी कालिंदी देवी एवं ब्रह्मचारी स्मृति शेष गोवर्धन दास की स्मृति में आयोजित इस सत्संग समारोह प्रवक्ता संत अमोही साहेब, संत शिवम साहब एवं संत गुरुमुख साहब होंगे। संतो का व्याख्यान 20 एवं 21 फरवरी को सुबह 10 से 12 बजे एवं शाम 4 बजे से 6 बजे और 22 फरवरी को 10 बजे से 2 बजे भक्त लाभान्वित होंगे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### निदेशक प्रभारी गोल्डन पीक से हुए सम्मानित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र को मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 'गोल्डन पीक एचआर एक्सीलेंस अवार्ड और हेरिटेज साइट देवबलोदा के विकास और जीर्णोद्धार' के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा भी सम्मानित किया गया। इन दोनों पुरस्कारों को को डीआईसी कान्फ्रेंस हाल के कार्यक्रम में निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता को सौंपा गया। कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डां. अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, राकेश कुमार और कार्यपालक निदेश डां.एम. रवींद्रनाथ भी उपस्थित थे।इसके अलावा, 'हेरिटेज साइट देवबलोदा के विकास और जीर्णोद्धार' के लिए संस्कृति मंत्रलय द्वारा सम्मानित किया गया। पुरस्कार केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के हाथों दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

### लंबित समस्याओं के निदान की मांग

**भिलाई।** भिलाई कर्मचारी यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन से कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के जल्द निदान की मांग की है। यूनियन ने कार्मिक विभाग में कार्यरत कर्मियों के ट्रेनिंग पीरियड को सेवा काल में जोड़ने और टाइम आफिस को फिर से शुरु किए जाने की मांग की है। बताया कि सीएनआईटी द्वारा बनाई गई वेबसाइट बीएएमएस मे अटेंडेंस संबंधी समस्याएं लगातार बनी हुई है तथा दोनों समय अटेंडेंस लगाने के बाद भी सिंगल पंच दिखाई देना, छुट्टी भरने में आ रही दिक्कतें, सर्वर स्लो होने के कारण अधिकारियों को कर्मचारियों की छुट्टी शर्टिफाइड करने में भारी समस्या आ रही है इससे काम भी प्रभावित हो रहा है । इसे दूर किया जाए। ई एल बनने में विसंगतियों को दूर कर स्थानीय एमबीबीएस डॉक्टर का मेडिकल सर्टिफिकेट छुट्टी के लिए मान्य किया जाए। रिटायरमेंट के बाद फाइनल पेमेंट की गणना भी ठीक से हो। कर्मियों को मोबाइल हैंडसेट दें और हड़ताल के समय ड्यूटी में अनुपस्थित कर्मचारियों का प्रमोशन न रोकें।

### सफाई कार्य का किया औचक निरीक्षण



**जामुल।** नगर पालिका जामुल में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने सुबह ही वार्ड क्र. 1 एवं 2 में चल रहे सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। कार्य की स्थिति को देखकर काफी नाराजगी जाहिर की और मौके पर ही फील्ड सुपरवाईजरों को जमकर फटकार लगाई और कहा कि मुलभूत कार्य किसी भी निकाय का प्रमुख कार्य है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिकायत बर्दाश्त नहीं की जायेगी । साथ ही फील्ड सुपरवाईजरों को सख्त चेतावनी दी कि जहां पर भी सफाई कार्य हो रहे या जिस भी वार्ड में हो संबंधित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराये।

### यूनियनों ने बीएसपी के ग्रेडिंग सिस्टम को बताया खतरे की घंटी

# आखिरकार सार्वजनिक उपक्रमों में जबरिया सेवानिवृत्ति योजना लागू होने से बढ़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

**कार्मिकों को प्रदर्शन के आधार पर घर बिठा दिया जाएगा, 11 अफसर भी बिठाए**



आखिरकार केंद्र सरकार द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों में कंपलसरी रिटायरमेंट प्लान यानी जबरिया सेवानिवृत्ति को अमलीजामा पहनाने की तैयारी शुरु कर दी गई है। यूनियनों के मुताबिक इस साजिश को उच्च प्रबंधन द्वारा मूर्तरूप देना शुरू कर दिया गया है। इसके तहत किसी कार्मिक या अधिकारी को उसके काम के प्रदर्शन के आंकलन के बाद जबरन घर बिठा दिया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र में कर्मियों के लिए लागू ग्रेडिंग सिस्टम को खतरे की घंटी बताते हुए इसका पुरजोर विरोध किये जाने की चेतावनी दी गई है ।

उल्लेखनीय है कि कंपलसरी रिटायरमेंट प्लान के तहत कामगारों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट बनाया जाता है कि अमुक कर्मी अथवा अधिकारी का प्रदर्शन संयंत्र के लिए ठीक नहीं है । इनका संयंत्र के उत्पादन में कोई भूमिका नहीं है, इसीलिए उसे रिटायर कर दिया जाए । सीटू और एटक यूनियनों के अनुसार इस प्लान के तहतसंबंधित कर्मचारी को नोटिस देकर नोटिस पे के साथ संयंत्र से बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। इस स्कीम को सार्वजनिक उद्योग यानी सेल में उच्च प्रबंधन द्वारा शुरू किया जा रहा है। इसके खिलाफ हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। 1991 में तत्कालीन केंद्र सरकार नई आर्थिक एवं औद्योगिक नीतियों को लाते हुए वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम लेकर आया था जिसे स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति प्लान कहते थे । सीटू यूनियन ने बताया कि वर्तमान केंद्र सरकार सार्वजनिक उद्योगों को खत्म करने की दिशा में तेजी से काम करते हुए कंपलसरी रिटायरमेंट प्लान लेकर आई है, जो पिछले 10 सालों से चर्चा में था । अब जबरिया सेवानिवृत्ति प्लान को सार्वजनिक उद्योगों में लागू किया जा रहा है।

#### बीएसपी में ग्रेडिंग सिस्टम खतरे की घंटी

पिछले दिनों बीएसपी में कर्मियों को भी ग्रेडिंग सिस्टम के दायरे में लाने के लिए न केवल समझौता किया गया बल्कि उसे लागू भी कर दिया गया है। अब इसका असर धीरे-धीरे दिखने लगा है । यूनियनों ने कहा कि आने वाले दिनों में इसका बुरा प्रभाव और तेजी से दिखने लगेगा। यदि इस पर रोक नहीं लगाया गया तो यह मामला जबरिया सेवानिवृत्ति तक पहुंच सकता है। इसीलिए इस तरह के निर्णयों को रोकना होगा 70 घंटे काम करने का कानून बनाने की पैरवी करने वाले कार्पोरेटर की एक इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी क्षेत्र की नामी कंपनी ने अपने 4 सौ ट्रेनीज को नौकरी से निकालने के बाद बाउंसर बुलाकर शाम 6 बजे तक कैंपस को खाली करवाया।

#### ओए का अनिवार्य सेवानिवृत्ति के विरूद्ध संकल्प पारित

आफिसर्स एसोसिएशन बीएसपी के काउंसिल मीटिंग में सेल के 11 अधिकारियों को दिए गए अनिवार्य सेवानिवृत्ति के विरूद्ध चर्चा हुई। बैठक में प्रबंधन के द्वारा अधिकारियों के प्रति एकतरफा एवं अप्रत्याशित निर्णय बताते हुए प्राकृतिक न्याय के विरूद्ध माना गया। ओए के मुताबिक अनिवार्य सेवानिवृत्ति के बारे में निर्णय प्रभावित अधिकारियों को बिना किसी पूर्व परामर्श, सूचना के दिया गया। प्रभावित अधिकारियों को शाम 5.30 को उनके सेवानिवृत्त हो जाने के विषय में जानकारी दी गयी तथा अगले कार्यदिवस से उनकी सेवा समाप्त कर दी गयी। इस मनमानी कार्यवाही से अधिकारियों के बीच काफी असंतोष व असुरक्षा उत्पन्न हो गयी है। सदस्यों एक स्वर में इस कार्यवाही का विरोध किया तथा प्रभावित अधिकारियों को न्याय दिलाने हर पटल पर संघर्ष करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में सेफी चेयरमेन एवं ओए-बीएसपी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव परविन्दर सिंह सहितअंकुर मिश्रा, तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, नीतेश क्षत्री, संजय तिवारी, जेपी शर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### निजी उद्योगों में होती है परफार्मेंस पॉलिसी

निजी उद्योगों में परफॉर्मेंस के आधार पर कर्मचारियों को कंपनी में रखा अथवा निकाल दिया जाता है । लेकिनसार्वजनिक उद्योगों में नौकरी पाने के लिए जितने कठिन परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है उससे कहीं ज्यादा कठिन नौकरी से निकलने का है। सीटू के मुताबिक वर्तमान केंद्र सरकार निजी उद्योगों की तरह सार्वजनिक उद्योगों को अपने कॉर्पोरेट मित्रों को देने जल्द सार्वजनिक उद्योगों में इस तरह की श्रमिक विरोधी लागू भी कर देना चाह रही है।

## सेंट्रल एवेन्यू सड़क खोदे बिना 40 मीटर सीवरेज पाइपलाइन बदली



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग द्वारा सेक्टर 4 चौक पर डैमेज पाइप लाइन को सफलतापूर्वक बदल दिया गया है। सेंट्रल एवेन्यू में सड़क यातायात को बाधित किए बिना लगभग 40 मीटर पाइप लाइन को आंतरिक संसाधनों के सहयोग से नगर सेवाएं विभाग के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग ने इस कठिकन कार्य को पूरा किया। सुपेला सीवरेज पंप हाउस से 30 एमएलडी प्लांट को जाने वाली 700 मिमी व्यास की पाइपलाइन से 2.5 मिलियन टन चौक के पास सेक्टर 4 की तरफ रोड के किनारे से सीवरेज के पानी का भारी रिसाव हो रहा था। पाइपलाइन सेंट्रल एवेन्यू सड़क के बीच में कहीं पर फटा गई थी।

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मरम्मत से मिलेगी राहत
- डैमेज पाइन लाइन को सफलतापूर्वक बदल दिया गया

नगर प्रशासन ने पीएचई विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर मुख्य सड़क को खोदे बिना पाइपलाइन बदलने की योजना बनाई। सड़क के हिस्से में पाइपलाइन के सपोर्ट के लिए केसिंग डालकर पाइपलाइन को छोटे टुकड़ों में काटकर उसकी जगह नई पाइपलाइन जोड़कर दूसरी तरफ से पाइपलाइन डाली गई। वर्तमान में समूचे सड़क के हिस्से की पुराने पाइपलाइन को बाहर निकाल कर लगभग 40 मीटर की पूर्णतः नई पाइपलाइन बदलने का कम 15 दिनों पूर्व यह कार्य शुरू किया गया था। पाइपलाइन मरम्मत का पूरा कार्य 700 एमएम की पाईप लाईन की मरम्मत का कार्य 1000 एमएम की केसिंग पाइप लाइन पुशिंग तकनीक जैक के द्वारा किया गया था। मरम्मत कार्य में पीएचई प्रमुख व उप महाप्रबंधक डीसी सिंह, सहायक महाप्रबंधक पीएल साहू, चार्जमैन सुनील डोंगरे व नितिन कश्यप सहित दलजीत, चमरू, पुरुषोत्तम, रविन्द्र, शिवप्रसाद आदि का योगदान रहा।

## बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लिया जाना गलत विरोध में बीमा कर्मी, आंदोलन की हुई तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई




ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन का अधिवेशन अग्रसेन भवन सेक्टर-6 में आयोजित किया गया। इस दौरान रायपुर मंडल की 16 शाखाओं के 100 प्रतिनिधि और 50 प्रेक्षक ने भाग लिया। इस दौरान बीमा कर्मचारी एलआईसी में नई भर्ती एवं अन्य मुद्दों पर फरवरी एवं मार्च के महीने में राष्ट्रव्यापी हड़ताल कर अपना आक्रोश दर्ज करने की बात कही गई।

- ऑल इंडिया इंश्योरेंस एम्पलाइज एसोसिएशन के अधिवेशन में कई अहम निर्णय

कार्यक्रम में एसोसिएशन के महासचिव श्रीकांत मिश्रा मुख्य रूप से मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हर रोज औसतन 30 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। देश की आम जनता के हालात बदतर होते जा रही है। इन स्थितियों में देश के मजदूरों-किसानों द्वारा पुनः व्यापक विरोध कार्रवाई की तैयारियां जारी है। अधिवेशन की मेजबानी भिलाई-2 शाखा ने की। इस दौरान बीमाकर्मियों ने लाल झंडों, पोस्टर, बैनर से सुसज्जित रैली निकालकर महंगाई, बेकारी, निजीकरण, विनिवेशिकरण, सांप्रदायिकता एवं एफडीआई का जोरदार विरोध किया। समिति के अध्यक्ष और साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने मौजूदा चुनौतियों की जानकारी दी। धर्मराज महापात्र, बृजेन्द्र तिवारी, अजीत केतकर, राजेश शर्मा, वीएस बघेल, अतुल देशमुख, उषा परगनिहा प्रमुख रूप से मौजूद थे। अधिवेशन में बीमा प्रीमियमों से जीएसटी वापस लेने, प्रवासी भारतीयों पर अत्याचार पर रोक लगाने, श्रम संहिताओं पर रोक लगाने, संविधान व लोकतंत्र पर जारी हमलों, संप्रदायिकता सहित विभिन्न मुद्दों पर 17 प्रस्ताव पारित किए गए। इसे लेकर ज्ञापन सौंपने निर्णय लिया गया।

## छग में जीत सीएम के सुशासन की विजयः सांसद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सांसद विजय बघेल ने निगर निगम चुनाव में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी, सीएम विष्णुदेव साय के सुशासन व जनता के विश्वास की जीत है। विजयी प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सभी नगर निगम में भाजपा के महापौर विराट मतों से जीते है। दुर्ग में अल्का बाघमार ने 67295 वोटो से रिकार्ड जीत हासिल की है। नगर पंचायत धमधा में भी भाजपा प्रचंड मतों से जीती है। उतई नगर पंचायत, पाटन कुम्हारी, अमलेश्वर, बेमेतरा में भी जनता ने आशीर्वाद दिया है। बघेल ने कहा कि यह विजय हमारी पार्टी की नीतियों, संगठन की दृढ़ इच्छाशक्ति और प अपार समर्थन का प्रमाण है। ऐतिहासिक जीत के लिए प्रदेश के प्रत्येक मतदाता, पार्टी कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नेतृत्व से सफलता संभव हो पाई है। भाजपा हमेशा प्रदेश की जनता की सेवा और कल्याण के लिए समर्पित रही है और आगे भी जनहित में कार्य करती रहेगी।



## बीएसपी ने स्नेह संपदा विद्यालय को शैक्षणिक भवन किया हस्तांतरित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

बीएसपी ने निगमित सामाजिक गतिविधियों के तहत स्नेह संपदा विद्यालय में नवनिर्मित शैक्षणिक भवन विद्यालय प्रबंधन को हस्तांतरित किया। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने उद्घाटन किया। इस भवन में चार कक्षाएँ और भवन के दोनों ओर दो ऐसे शौचालय हैं जिन्हें मानसिक रूप से अक्षम बच्चों की विषेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इन शौचालयों में कम ऊँचाई पर शीशे और वाशबेसिन, ग्रैब रेल और व्हीलचेयर हेतु सुलभता जैसी सुविधाएँ शामिल हैं।विद्यालय की संस्थापक पुष्पा शिर्के, सीजीएम उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक ( विष्णु के पाठक, शिवराजन नायर, महाप्रबंधक शिखा दुबे, महाप्रबंधक डां. एनके जैन, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, सहायक महाप्रबंधक अभिषेक झा, उप प्रबंधक केके वर्मा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि अक्षम बच्चों का पालन–पोषण करने के लिए बहुत साहस, धैर्य और समर्पण की आवश्यकता होती है।

- मानसिक रूप से अक्षम बच्चों को मिलेगी सुविधा

स्थापना काल से ही बीएसपी स्नेह संपदा विद्यालय का सहयोग करता आ रहा है और भविष्य में भी करता रहेगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अक्षम बच्चों को हर संभव सहायता और सहयोग प्रदान करें। मुख्य महाप्रबंधक (टीएसडी एवं सीएसआर) श्री उत्पल दत्ता ने भी संबोधित किया। पुष्पा शिर्के ने स्वागत भाषण में बीएसपी के सहयोग के लिए आभार जताया। विद्यालय के स्वयंसेवक संदीप गुप्ता ने विद्यालय की वर्तमान गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उप प्रबंधक ने संचालन किया ।

## आयोजनों के लिए अब लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा



**भिलाई ।** सेक्टर 6 में अब विभिन्न समारोहों के आयोजन के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा। नगर निगम भिलाई द्वारा ई मार्केट के सामने मैदान में भव्य डोम शेड का निर्माण किया जा रहा है। सेक्टर 6 में यह तीसरा डोम शेड बनाया जा रहा है। सेक्टर 6 में सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक आदि कार्यक्रमों के लिए एक डोमशेड की जरुरत महसूस की जा रही थी। क्षेत्रवासियों की मांग पर पार्षद की पहल से नगर निगम द्वारा ई मार्केट मैदान में भव्य डोम शेड का निर्माण शुरु कर दिया गया है। इसके पूर्व सेंट्रल एवेन्यू पेट्रोल पंप के निकट ही डोम शेड है, जो यहां से दूर है। वार्डवासियों ने बताया कि ई मार्केट मैदान में डोम शेड बन जाने से विभिन्न संगठनों और समितियों को विविध कार्यक्रमों के आयोजनों में सुविधा होगी। इसके पूर्व यहां बने छोटे चबूतरे पर विजयादशमी पर रामलीला, दुर्गोत्सव आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते थे। इसमें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

## सिलाई सेंटर में प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र

**भिलाई।** भारत सरकार के "कौशल भारत" कार्यक्रम के अंतर्गत, कटनी के जन शिक्षण संस्थान" द्वारा, भिलाई इस्पात संयंत्र के कुटेश्वर माइंस स्थित सिलाई सेंटर में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुटेश्वर माइंस के महाप्रबंधक वीके नेताम ने की। निर्मला नेताम और कुटेश्वर महिला समिति की अन्य पदाधिकारियों ने प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर 45 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया और प्रमाण पत्र प्राप्त किए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को महिला समिति कुटेश्वर माइंस द्वारा सिलाई सेंटर मे संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्यूटीशियन का अतिरिक्त कोर्स भी शामिल किया जाएगा। यह नया कोर्स महिलाओं को ब्यूटी और सैलून सेवाओं में कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान करेगा।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

### गुलाबी ठंड में वन्य प्राणियों की बढ़ी चंचलता, कैज में परिंदों की गूंजी चहचहाहट

# मैत्रीबागः मौसम बदलने के साथ ही पर्यटकों की बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

हल्की गर्मी और गुनगुनी ठंड वाला मौसम मैत्रीबाग चिड़ियाघर के वन्य प्राणियों को खूब भा रहा है। परिंदों और जानवरों की चंचलता बढ़ने से इनकी उछल कूद पर्यटकों के आकर्षण का आकर्षण बनी हुई है। ट्विनसिटी के साथ आसपास के गांवों से भी लोग इनका नजारा लेने आ रहे हैं।

पिछले दो तीन महीने तक पड़ी कड़कड़ाती ठंड के मौसम के दौरान मैत्रीबाग के वन्य प्राणी अपने कैज में दुबके रहते थे। इन्हें सर्दी से बचाने के लिए प्रबंधन द्वारा गर्माहट के कई इंतजाम भी किए गए थे। पिछले पखवाड़ेभर से मौसम बदलने से जानवरों और पक्षियों की चपलता बढ़ गई है। सुबह हल्की ठंड और दोपहर की हल्की गर्मी फिर दोपहर बाद फिर गुलाबी ठंड का माहौल होता है। खुशनुमा मौसम में हिरणों के समूह फुदकते हुए एक के पीछे एक कुलांचें भर रहे हैं तो सांभर भी पानी के मोढ़ में मस्त हैं। चार महीने पूर्व मैत्रीबाग में आए दो क्रोकोडायल अपने कैज के पोखर के बाहर सन बाथ लेते पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इनके ठीक बाजू में घड़ियालों के कैज में भी लोगों की भीड़ होती है। अधिकतर लोग चार घड़ियालों को ही क्रोकोडायल समझ मोबाईल कैमरे में कैद कर ले रहे हैं। ठंडी के मौसम अपने कैज से नहीं निकलने वाला सात वाइट टाइगर और दो भालू तथा तेंदुआ अपने एनक्लोजर में मस्ती से चहलकदमी करते दिखाई देते हैं। अपनेधमतरी से परिवार के साथ पहुंचे आरके दुबे बताते हैं कि पूरे पांच साल मैत्रीबाग आए हैं। यह समय गर्मी और ठंड के बीच का होने से वन्य प्राणियों का भरपूर नजारा कर पा रहे हैं।





#### परिंदों की बढ़ी चहचहाहट

मैत्रीबाग जू के बड्र्स काम्पलेक्स में परिंदों की चपलता और चहचहाहट बढ़ गई है। यहां पांच मोर, तोते, कबूतर, उल्लू, लव बड्र्स, स्टुअर्ड बर्ड सहित फुदकते कई आकर्षक पक्षियों को देखने और उन्हें कुछ खिलाने नन्हें पर्यटक उत्सुक दिखाई देते हैं। खरगोश व सफेद चूहे भी भी आकर्षक हैं।



02



स्वीमिंग, रनिंग और शूटिंग नेशनल गेम्स में जीता रजत

लाइव इवेंट

## रोलिंग-प्लेट मिल ने जीता मैच एसएमएस 2 और 3 को हराया



**भिलाई।** बीएसपी के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग की अंतर अनुभाग टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रोलिंग मिल एवं प्लेट मिल की संयुक्त टीम ने 7 विकेट से जीत लिया। सेक्टर-1 खेल मैदान में खेले गए मैच में टीम ने एसएमएस 2-3 को पराजित किया। फाइनल के मैन ऑफ द मैच राहुल रहे। एसएमएस 2-3 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 60 रन बनाए। राजू शाह ने 21 रन, उमेश ने नॉट आउट 19 रन की पारी खेली। रोलिंग-प्लेट मिल के राहुल ने चार विकेट, विजय शंकर राव एवं भूपेश ने एक-एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। जवाब में रोलिंग मिल एवं प्लेट मेल की संयुक्त टीम तीन विकेट पर 64 रन बना लिए। श्रवण तिवारी ने नॉट आउट में 22 रन बनाए। कप्तान आदिनारायण ने नॉट आउट 7 रन की पारी खेली। उपविजेता टीम एसएमएस 2 एवं 3 के कप्तान जन्मेश शुक्ला मैच के अंपायर पीयूष साहू हरिशंकर यादव एवं नुगेश्वर डेहरिया स्कोरर विनोद देवघरे एवं सुरेश नामदेव कॉमेंटेटर थे अनिल मिश्रा एवं एबी मालवीय थे। विजेता टीम के पुरस्कार करने के समारोह में मुख्य अतिथि तुषार कांत सीजीएम इंचार्ज सर्विसेज थे। इस अवसर पर राजीव पांडे सीजीएम पावर फैसिलिटी, समीर गुप्ता सीजीएम सीएंडआईटी, रवि शंकर सीजीएम एएनडी, बी मधु पिल्लई विभाग प्रमुख इंस्ट्रूमेंटेशन, सीएसके केसर पूर्व विभाग प्रमुख इंस्ट्रूमेंटेशन, एमवी बाबू प्रमुख पीएलएमई सहित अन्य मौजूद थे।

- बीएसपी के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग द्वारा आयोजित की गई अंतर अनुभाग टेनिस प्रतियोगिता

● होली की तैयारीः दुर्ग-भिलाई में 50 समूह की महिलाएं कर रही रंग-गुलाल बनाने का काम

# ट्विनसिटी पलाश के फूलों से तैयार होने वाले रंग-गुलाल से होगी सराबोर, बाजार में आएंगे इको फ्रेंडली अबीर

**होली को इस समय करीब महीनेभर का समय बचा हुआ है, वृंदावन में होली बसंत पंचमी के दिन से शुरू हो चुकी है। वहीं बरसाना में 10 मार्च को लट्ठमार होली होनी है। इधर ट्विनसिटी में इस बार इको फ्रेंडली रंग-गुलाल तैयार किए जाने का क्रम शुरू हो चुका है। दुर्ग-भिलाई और ग्रामीण क्षेत्रों में 50 से ज्यादा महिला समूह इस काम को कर रहे हैं। उनके मुताबिक पलाश जिसे टेसू भी कहा जाता है, उनके फूल से रंग और गुलाल तैयार कर बाजार में उतारे जाएंगे। टेसू के फूल से हजारों सालों से रंग-गुलाल बनाए जा रहे हैं। इस परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से टेसू के फूल से रंग-गुलाल तैयार करना शुरू किया गया है। फिलहाल टेसू के फूलों को तोड़कर सुखाया जा रहा है।**

**भिलाई।** फाल्गुन मास की शुरूआत से ही पेड़ों के पतझड़ का समय शुरू हो गया है। पलाश के फूल खिलने लगे हैं। पलाश के पत्ते झड़ने लगे हैं। इससे होली के आगमन की आहट सुनाई देने लगी है। होली को अब भी लगभग एक माह का समय है, लेकिन जंगल व सड़क किनारे पलाश के पेड़ों में फूल खिलने लगे हैं। इस बार होली 14 मार्च को पड़ रही है। यानी 22 दिन ही शेष हैं। भिलाई में होली की तैयारियां शुरू हो गई हैं। गांव में वसंत की बहार है, पेड़ों पर पलाश के फूल खिल गए हैं। वहीं ग्रामीण इस बार पलाश के फूलों से ऑर्गेनिक रंग बना रहे हैं। महिला समूह से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि पलाश के फूल जंगलों में प्राकृतिक रूप से जो नेचुरल रंग होता है, उससे चेहरे पर किसी प्रकार का इन्फेक्शन नहीं होता है। कैमिकल से बना हुआ रंग इन्फेक्शन होता है। इधर ब्रज में 3 फरवरी बसंत पंचमी के बाद से होली की शुरुआत हो गई है। ब्रज की लट्ठमार होली इस बार 10 मार्च को होनी है। वृंदावन, बरसाना और मथुरा के मंदिरों में आज भी होली खेलने के लिए टेसू (पलाश) के फूलों का रंग ही उपयोग में लाया जाता है, जो कृष्णकालीन परंपरा का संवाहक भी है। पंडितों ने बताया कि यह परंपरा द्वापरयुग से ही चली आ रही है, जिसे आज भी मंदिरों में निभाया जा रहा है। ट्विनसिटी में भी इस परंपरा के अनुरूप होली मनाए जाने की तैयारी की जा रही है।





### ऐसे तैयार किया जाता है पलाश के फूलों से रंग और गुलाल

महिला समूह से जुड़ी जागृति चंद्राकर ने बताया कि पलाश के फूलों से सालों से रंग तैयार किए जा रहे हैं। गुलाल भी बनाया जाता है। मान्यता है कि होली पर्व पलाश के फूल से तैयार रंग और गुलाल से मनाने से परंपरा और मर्यादा के साथ रिश्ते भी मजबूत होते हैं। टेसू के फूल से बने रंग मदमस्त करने वाली सुगंध के साथ वातावरण महका देती है। प्राचीन काल में जब रासायनिक रंग नहीं होते थे, तब से ही टेसू के फूलों का रंग होली में प्रयोग में लाया जाता रहा है। इसलिए परंपरा का निर्वहन करने के लिए टेसू के फूलों से तैयार रंग-गुलाल का उपयोग होता है। गुलाल तैयार करने से फूलों को सुखाया जाता है। इसके बाद अरारोट या मिट्टी के पाउडर के साथ पीसे हुए फूल के पाउडर को मिलकर गुलाल तैयार किया जाता है। इसी प्रकार रंग तैयार करने के लिए सूखे हुए फूलों को पानी में भिगोकर उबाला जाता है, जिससे चटक रंग तैयार हो जाता है। वर्तमान समय में आधुनिक मशीनों का उपयोग कर रंग और गुलाल तैयार किए जा रहे हैं।

### वृंदावन, मथुरा में होली शुरू, 10 को बरसाना में लट्ठमार होली

राधावल्लभ मंदिर में वसंत पंचमी से शुरू हुई होली में हर दिन भक्त सराबोर हो गई है। मंदिर में दर्शन को आ रहे भक्तों पर सेवायत जब ठाकुरजी का प्रसादी गुलाल उड़ा रहे हैं। माहौल उल्लास भरा हो गया है। गुलाल के रंगों में सराबोर होकर श्रद्धालु होली के रसिया गाते हुए जमकर नृत्य कर रहे हैं। प्रतिदिन होली उत्सव को लेकर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच 10 मार्च को बरसाना में लट्ठमार होली मनाई जाएगी। वर्तमान में इसे लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। बता दें कि वृंदावन, बरसाना और मथुरा में प्रतिवर्ष पारंपरिक तरीके से होली का उत्सव मनाया जाता है। इसे लेकर देश-विदेश लोग आयोजन देखने के लिए हर साल पहुंचते है। इस बार भी तीनों जगहों पर खासी रौनक अभी से शुरू हो गई है।



सिटी इवेंट

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति को नराकास राजभाषा का प्रथम पुरस्कार



**भिलाई।** राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जयपुर प्रदर्शनी एवं समारोह केन्द्र (जेईसीसी) सीतापुरा, जयपुर, राजस्थान में आयोजित उत्तर-1, उत्तर-2 तथा मध्य एवं पश्चिम क्षेत्रों के 'संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग को वर्ष 2023-24 के लिए मध्य क्षेत्र का 'नराकास राजभाषा, सम्मान' प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा यह पुरस्कार बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार को दिया किया। विशिष्ट अतिथि गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने महाप्रबंधक जनसंपर्क व सचिव सौमिक डे कोप्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी एवं उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी भी उपस्थित थे। मध्य क्षेत्र में कुल 57 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियाँ हैं, जिनमें से वर्ष 2023-24 के लिए मध्य क्षेत्र का 'नराकास राजभाषा, सम्मान' प्रथम पुरस्कार भिलाई-दुर्ग के नराकास को प्रदान किया गया है। बीएसपी के निदेशक प्रभारी एवं अध्यक्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति अनिर्बान दासगुप्ता ने बधाई दी है ।

## 13 और 14 अप्रैल को मनेगी बाबा साहेब की जयंती, बैठक में लिया निर्णय

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ और सलाहकार मंडल की आवश्यक बैठक सेक्टर-6 स्थित डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन में हुई। बैठक में भिलाई के समस्त धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्य सामूहिक रूप से मौजूद थे। बैठक में 13 और 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर का जयंती समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आगामी दिनों में बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने और अंतिम निर्णय लिए जाने सहमति बनाई गई। यह जानकारी संस्था के महासचिव रामराव ढोक ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में कुछ पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आगामी दिनों में पुनः बैठक आयोजित की जाएगी। फिलहाल आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि बार के आयोजन में सांस्कृतिक आयोजन के अलावा प्रतिभावान लोगों को सम्मानित किया जाएगा। संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें समाज के वरिष्ठजन और साहित्यकार बाबा साहेब पर अपने विचार रखेंगे।

- भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की हुई बैठक

डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन में हुई बैठक



## जनता के बेस्ट स्वच्छता स्लोगन शहर में लिखे जाएंगे, 24 तक मौका

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई ने स्वच्छता स्लोगन लिखो खुली प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इसके अंतर्गत 24 फरवरी तक कार्यालयीन समय में आवेदन किया जा सकता है। विजेता प्रतिभागियों में प्रथम को 5100, द्वितीय को 3100 और तृतीय को 2100 रुपए प्रदान किया जाएगा।

निगम अधिकारियों ने बताया कि स्वयं के प्रेरित स्लोगन लिखकर उसमें अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ स्वास्थ्य विभाग में जमा कर सकते हैं। एक लिफाफे के अंदर स्लोगन लिखकर के अपना पता मोबाइल नंबर लिफाफे में देना होगा। लिफाफे के ऊपर भी निवास का पता मोबाइल नंबर लिखना जरूरी होगा। चयनित स्लोगन शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर दीवारों पर हर जगह लिखा जाएगा। स्लोगन का चयन निर्धारित निर्णायक पैनल करेगा। निर्णायक का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी वर्ग के लोगों से अपील की है कि वे इस प्रतियोगिता में जरूर भाग लें।




- नगर निगम भिलाई ने सफाई को लेकर लोगों को जागरूक करने शुरू किया अभियान

सिटी इवेंट

## साइंस कॉलेज के कैम्पस प्लेसमेंट में आठ विद्यार्थियों का हुआ चयन

**दुर्ग।** विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट के अंतर्गत 8 विद्यार्थियों का चयन केमिस्ट के पद पर हुआ है। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. पद्मावती ने बताया कि गत सप्ताह टंकेश्वरी मेंटल पाउडर पोड्क्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा केमिस्ट के पद के लिए कैम्पस इंटरव्यू आयोजित किया था। इसमें लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों के रसायन विषय से संबंधित ज्ञान, कौशल क्षमता, व्यक्तित्व के आधार पर विद्यार्थियों को कंपनी ने अंतिम रूप से रोजगार प्रदान करने चयनित किया। चयनित विद्यार्थियों में बलराम उरांव, भागवत, धर्वेन्द्र कुमार टण्डन, लोकद्वीप मिरचन, प्रखर स्वर्णकार, सातेक मिरचन, विकास कंवर तथा दीपेन्द्र वर्मा शामिल हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा किए गए प्रयास की सराहना की। आगामी 3 महीनों में अन्य कंपनियां भी महाविद्यालय के विद्यार्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करेंगी। डॉ. सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट में अधिक से अधिक विद्यार्थी सफल हों, इसके लिए प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तत्वि विकास से संबंधित प्रषिक्षण कक्षाएं महाविद्यालय के प्राध्यापकों की सहयोग से आयोजित की जाती है। इस प्रशिक्षण से महाविद्यालय के विद्यार्थियों में आत्मविश्वास में वृध्दि होती है। महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग को भी निर्देशित किया गया है, कि वे विद्यार्थियों की अंग्रेजी विषय में क्षमता से जुड़े मार्गदर्शन दें। महाविद्यालय के छात्रवास में विद्यार्थियों हेतु प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पत्र-पत्रिकाएं भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

अनोखी पहल : निगम ने महिलाओं को रोजगार देने शुरू की योजना

कार्नर न्यूज

# भिलाई में कचरे और मलबे से तैयार किया जा रहा पेवर ब्लॉक, बेचकर महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई ने शहर की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनोखी पहल की है। उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए सीएनडी वेस्ट का उपयोग कर पेवर ब्लॉक तैयार किया जा रहा है। इसका उपयाग नगर निगम के अलग-अलग वार्डो में किया जाएगा। हर दिन 400 से 500 पेवर ब्लॉक इन महिलाओं द्वारा तैयार किया जा रहा है। वार्ड 6 प्रियदर्शनी परिसर से इसकी शुरुआत की गई है। मुख्य रूप से मलबा, प्लास्टिक, सीमेंट का चूरा, ईंट, गिट्टी का चूरा मिलाकर पेवर ब्लॉक तैयार किया जा रहा है। इसमें रेत भी डाली जा रही है, ताकि अधिक मजबूत पेवर ब्लॉक तैयार किया जा सके। महिला समूह के माध्यम से निगम ने यह काम शुरू किया है। इन महिलाओं के तैयार उत्पाद को निगम शहर में होने वाले कामों में लगा रहा है।



### मलबे का हो रहा उपयोग, होगा कचरा डिस्पोज

अधिकारियों का मानना है कि इससे स्वासहायता समूह की महिलाओं को रोजगार मिलेगा। निगम भिलाई को सस्ते दर पर पेवर ब्लॉक मिल जाएगा। शासन की भी योजना है कि पुराने मकान के टूटे हुए जो मलबे आते हैं। उसका डिस्पोजल एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इसीलिए स्व सहायता समूह के माध्यम से इसको बनवाया जा रहा है। पेवर ब्लॉक गुणवत्ता युक्त है। इसमें किस प्रकार की कमी नहीं है। स्वसहायता समूह की महिलाओं को ट्रेनिंग दिया गया था। इसी अनुभव से सब लोग बना रही हैं। इससे महिलाओं को जहां रोजगार मिल रहा है, वहीं निगम को पेवर ब्लॉक बाहर से खरीदने की जरुरत नहीं पड़ रही है। सस्ते दाम में ये पेवर ब्लॉक निगम को उपलब्ध हो रहे हैं।

### पेवर ब्लॉक का 6 टन क्षमता वाला आधुनिक प्लांट लगाया गया

अधिकारियों ने बताया कि पेवर ब्लॉक बनाने का कार्य शुरू किया जा चुका है। इसके लिए एक प्लांट भी लगाया गया है। प्लांट की क्षमता 6 टन है। प्रतिदिन 400 से 500 पेवर ब्लॉक बनाए जा रहे हैं। स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित करके उन्हें मशीन उपलब्ध कराई गई है। इसके माध्यम से वे पेवर ब्लॉक बना रही हैं। यह पेवर ब्लॉक नगर निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि हमारे निगम में सभी क्षेत्रों में पेवर ब्लॉक की आवश्यकता पड़ती है। अब हम सब लोग जितना भी उत्पादन होगा उसको नियमानुसार समूह से खरीद करके उसका उपयोग निगम के विभिन्न क्षेत्रों में करेंगे।



## सिटी इवेंट

# सिकलसेल अनुवांशिक रक्त रोग जो पूरे जीवन को करता है प्रभावित



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में सिकल संगवारी पहल, जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं यूथ रेडक्रॉस एवं छात्र सेवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक दिवसीय सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ रंजना श्रीवास्तव व प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि सिकल सेल एक अनुवांशिक रक्त रोग है जो रोगी के पूरे जीवन को प्रभावित करता है। जागरूकता की कमी से अधिक लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। युवा पीढ़ी में इसकी जानकारी एवं बचाव के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया। भूगोल की विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा यादव ने बताया कि यह रोग एनीमिया का कारण बनता है साथ ही दर्द, विकास में कमी एवं शरीर के सभी अंगों को प्रभावित करता है। विषय विशेषज्ञ गीता एक्का जिला सलाहकार एवं संयोजक, सिकल संगवारी पहल, जिला अस्पताल दुर्ग ने सिकल सेल की विस्तृत जानकारी दी। प्रवीन सिंह सहायक जिला संयोजक एवं सलाहकार, केशवलाल, लैब टेक्निशियन, भूपेश दिल्लीवार, धर्मिण तुरकाने, स्टॉफ नर्स, लक्ष्मीचंद देवांगन एवं दुर्गा परतेती डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के संयुक्त सहयोग से इस शिविर में लगभग 100 छात्राओं ने रक्त परीक्षण कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रसुन्ना एवं आभार व्यक्त तबस्सुम अली ने किया।

- गर्ल्स कॉलेज में सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन कार्यक्रम



## धर्म इवेंट

# योग्य होता है उसे ही मिलती है जिम्मेदारी, दुआएं लेने किया मेडिटेशन



**भिलाई।** गुणों के स्मृति से वृत्ति, कर्म, बोल और हमारा व्यवहार श्रेष्ठ बनता है। अच्छी बातों को सुनना आता है, सुन लेते हैं पर मानना और जीवन में अपनाना नहीं आता। यहा बातें ब्रह्माकुमारी सरिता बहन ने कहीं। सेक्टर 7 स्थित अंतर्दिशा भवन के पीस ऑडिटोरियम में आयोजित ध्यान शिविर में धमतरी सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी सरिता बहन ने व्यवहारिक बातों के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि अच्छे गुणों के स्मृति स्वरूप से वृत्ति बनती है, वृत्ति से कर्म और कर्म से बोल। हमारा व्यवहार श्रेष्ठ बनता है जिसमें भाव और भावनाएं निहित होती हैं। जड़ और तना जितना मजबूत होता है वृक्ष उतना ही ज्यादा शक्तिशाली मजबूत होता है, जो योग्य होता है उसे ही जिम्मेंदारी मिलती है। सरिता बहन ने सभी को दुआएं दो और दुआएं लो का अभ्यास कराया। साथ ही उन्होंने तीन बातों पर ध्यान देते हुए परचिंतन, परदर्शन, परमत (कुसंग) को छोड़कर श्रेष्ठ संग को अपनाने की प्रेरणा दी।

- गुणों के स्मृति से वृत्ति, कर्म, बोल और हमारा व्यवहार श्रेष्ठ बनता है: ब्रम्हकुमारी सरिता

## समाज लाइव

# इज्तिमा में जुटे हजारों, की गईं अमन और सलामती की दुआएं



**भिलाई।** दावत-ए-इस्लामी का एक रोज का इज्तिमा (इस्लामी समागम) का आयोजन सेक्टर-6 जामा मस्जिद में किया गया। इस दौरान अहले सुन्नत वल जमाअत के उलेमाओ ने अपनी तकरीर में पैगम्बर हजरत मुहम्मद सलल्लाहो अलैहि वसल्लम के बताए रास्ते पर अमल करने और जिंदगी बसर करने की तालीम दी। उलेमाओं ने पैगम्बर मुहम्मद के अमन व भाईचारे के पैगाम को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की भी बात कही। इस इज्तिमा में 2000 से ज्यादा लोगों ने अपनी भागीदारी दी और जिक्र-अजकार के बाद दुआओं में शामिल हुए। आखिर में मुल्क में अमन व सलामती की दुआएं की गई। सेक्टर-6 जामा मस्जिद के इमाम इकबाल अंजुम हैदर, भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर मिर्जा आसिम बेग व अरकीन ए कमेटी, दावते इस्लामी के कार्यकर्ता मुहम्मद यूसुफ अत्तारी, इज्जत अली, मिस्बाहुद्दीन, साहिल, नासिर, मुनव्वर सईद, रफीक और एजाज सहित अनेक लोगों की इस इज्तिमा को सफल बनाने में भागीदारी रही।

## साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर अभियान से कलाकार, स्पोर्ट्समेन व विद्यार्थी भी जुड़े

# बच्चों संग सांसद ने चलाई साइकिल, कहा-साइकिल चलाने के लिए श्रम करें, शर्म नहीं, ग्लोबल वार्मिंग से होगा बचाव, चलाया अभियान

**भिलाई।** गाड़ियों से निकलने वाले धुएं से पार्यावरण तेजी से प्रदूषित हो रहा है। जिससे ग्लोबल वार्मिंग की समस्या भी लगातार बढ़ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए हर व्यक्ति को साइकिल का प्रयोग करना चाहिए। इससे स्वास्थ्य लाभ तो होगा ही आर्थिक बचत भी होगी। जिससे देश सशक्त बनेगा। साइकिल चलाने के लिए श्रम करें, शर्म नहीं। साइकिल चलाने और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के संबंध में यह बातें दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कही।

ग्लोबल वार्मिंग दूर करने साइकिल चलाना आवश्यक है। जिसके लिए जारी साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर जागरुकता अभियान का नेतृत्व सांसद विजय बघेल ने किया। सिविक सेंटर कृष्ण अर्जुन रथ परिक्षेत्र के लोगों में जनजागरूकता लाने सांसद ने सैकड़ो लोगो के साथ साईकिल चलाया। इस दौरान साईकिल चलाओ, पर्यावरण बचाओ और स्वास्थ्य लाभ के लिए साइकिल जरुरी जैसे नारों से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। इस दौरान अंचल के कलाकार, समाजसेवी, स्पोर्ट्समेन, विद्यार्थी, सामाजिक व वरिष्ठजन प्रमुख रुप से उपस्थित थे।




### वायु प्रदूषण से बचाव के लिए हर संभव करें प्रयास

कार्यक्रम के दौरान प्रकाश बंछोर ने लोगो को जागरुक करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने हिस्से का सहयोग कर प्रदूषण दूर करना चाहिए और इसे जीवनशैली में अपनाना चाहिए। वरिष्ठ रंगकर्मी भानूजी राव ने कहा कि प्रति सोमवार साईकिल से कार्यालय जाने पर पर्यावरण शुद्ध हो जाएगा। समाजसेवी प्रशांत क्षीरसागर ने कहा कि साईकिल चालक को हेय दृष्टि से न देखकर उसे एक वैश्विक पर्सनैलिटी का दर्जा दिलाना ही हमारे इस अभियान का उद्देश्य है। चित्रकार भूपत राव बोरकर ने कहा कि दूसरों को न देखते हुए जहरीली होती धरा में अपने हिस्से का प्रदूषण हमें दूर करना चाहिए। लेह से लद्दाख तक साईकिल चलाने वाले प्रवीण कालमेघ ने तेजी से विकसित हो रहे भारत में साईकिल चालन को आवश्यक बताया, वहीं , समाजसेवी जयप्रकाश नायर ने भी लोगों को प्रेरित किया।

### साइकिलिस्ट अभियान से स्वस्फूर्त जुड़ रहे लोग

सिविक सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान साइकिलिस्टों को सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि यह पुण्यार्थ कार्य है और हर व्यक्ति को साईकिल चलाना चाहिए। इससे स्वास्थ्य लाभ तो होगा ही आर्थिक बचत भी होगी। जिससे देश सशक्त बनेगा। साईकिल चलाने के लिए श्रम करें, शर्म नहीं। साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर अभियान अब अपने पूरे चरम पर पहुंच रहा है जहां सैकड़ो लोग स्वस्फूर्त जुड़कर साईकिल चला रहे हैं वहीं इस अभियान में भिलाई के अनेक कलाकार, समाजसेवी, स्पोर्ट्समेन और छात्र-छात्राएं अपना योगदान दे रहे हैं। आंदोलन का नेतृत्व करते हुए सांसद ने सभी लोगों के साथ उत्साहपूर्वक साईकिल चलाया और देशभक्ति पूर्ण नारों से सिविक सेंटर का पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

### साइकिल रेस में बच्चों से पिछड़ गये सांसद



कार्यक्रम स्थल में सुबह से ही छोटे-छोटे बच्चे और छात्र-छात्राएं पहुंच गए थे और खूब धूम मचा रहे थे, जब सांसद ने साईकिल चलाना शुरू किया तो उन्होंने उनके साथ रेस लगा दी। जिसे देख सभी में उत्साह दिखाई दिया। सांसद ने भी बच्चों के इस रेस में हार जाना ही उचित समझा और उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें देश का भविष्य निरूपित किया। श्री बघेल ने बच्चों के साथ उनके साईकिल में बैठकर सेल्फी भी ली। जिससे पूरा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर पर्यावरण मित्र बालूराम वर्मा ने पौधा भेंट किया।

ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ साईकिल चलाने के लिए प्रमुख रूप से पर्यावरणविद् बालूराम वर्मा, दीपक दिल्लीवार, दिलीप, प्रकाश सावंत, राजेश जैन, प्रमोद सिंह, श्रीकांत ताम्रकार, धीरज साहू, यश दलवी, कांता देवी, नेहा, तृप्ति, खूशबू, मुस्कान, पी.एल.जेना, श्रेयांश जेना तथा सैकड़ो की तादात मे साईकिल प्रेमी मौजूद थे। संयोजक डॉ अंकुश देवांगन ने साइकिलिस्ट ग्लोबल वारियर अभियान में आए सभी का आभार व्यक्त किया।

## आयोजन

# दंत चिकित्सा में कॉन्शियस सेडेशन पद्धति कारगार, आईडीए के वर्कशॉप में बताए फायदे



**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन दुर्ग-भिलाई ब्रांच द्वारा आइकॉन रेमेडीज के सहयोग से होटल सेंट्रल पार्क भिलाई में दंत रोग उपचार में उपयोगी कॉन्शियस सेडेशन पद्धति पर व्याख्यान एवं वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के साथ ही अन्य प्रदेशो से आए दंत चिकित्सकों ने इस वर्कशॉप का लाभ उठाया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. वैभव पाटनी वर्धा महाराष्ट्र उपस्थित थे। उन्होंने दंत रोग के विविधाताओं को बारिकी से समझाते हुए सभी प्रमुख टेक्निक्स के साथ ही दंत रोग उपचार में उपयोगी कॉन्शियस सेडेशन पद्धति को प्रमुखता से बताया। कॉन्शियस सेडेशन पद्धति का उपयोग प्रमुख रुप से बाल दन्त रोग उपचार में किया जाता रहा है, लेकिन आज आयोजित व्याख्यान के द्वारा इस पद्धति का सामान्य दन्त रोग उपचार में उपयोग के प्रति जागरुकता बढ़ाने किया गया। आयोजन के प्रमुख वक्ता डॉ. वैभव पाटनी ने सरलता के साथ व्याख्यान एवं चिकित्सकीय प्रदर्शन के माध्यम से आयोजन में सम्मिलित प्रतिभागियों को इस पद्धति के बारे में अवगत कराया। व्याख्यान का लाभ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये चिकित्सकों एवं डेंटल विद्यार्थियों को मिला। आईडीए दुर्ग-भिलाई ब्रांच की ओर से प्रेसिडेंट डॉ फ़ातिमा खान, सचिव डॉ. शाहीन हमदानी, सीडीइ कन्वेनोर डॉ दिक्षाली इंदूरकर, डॉ दीप्ति राठौर, डॉ स्मिता श्रीवास्तव, डॉ नावेद खान, डॉ साइली कुरैशी, डॉ मीनल साहू, डॉ साकेत बंछोर, डॉ आस्था श्रीवास्तव, डॉ श्रेणिक नाहटा एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। आईडीए छत्तीसगढ़ के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. समीर बरड़िया, आईडीए दुर्ग-भिलाई की पूर्व प्रेसिडेंट डॉ मंजू यादव सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक उपस्थित थे। इस वर्कशॉप के दौरान सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी दिये गये।



- महाराष्ट्र के डॉ. वैभव पाटनी ने कार्यशाला में दी जानकारी

## 38वीं नेशनल गेम्स उत्तराखंड में आयोजित

# स्वीमिंग, रनिंग और शूटिंग नेशनल गेम्स में जीता रजत



**भिलाई।** 38वीं नेशनल गेम्स उत्तराखंड में पदक विजेताओं का जिला दुर्ग मॉर्डन पेंटाथोलन के पदाधिकारियों द्वारा दुर्ग रेलवे स्टेशन में फूलमाला पहनाकर, ढोल बाजे के साथ आतिषबाजी करते हुए जोरदार स्वागत किया गया। 8 फरवरी से 13 फरवरी तक उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित खेलों में पुरई और बेमेतरा की खिलाड़ियों ने भाग लिया था। छत्तीसगढ़ मॉर्डन पेंटाथोलन में महिला खिलाड़ी दिलेश्वरी ओझा और चंद्रकला ओझा दोनो खिलाड़ी ग्राम पुरई, मोनिका साहू जिला बेमेतरा से हैं। तीनों खिलाड़ियों ने अपने इंवेट ट्राईथेलॉन में रजत पदक दिलाया। इस इवेंट में स्वीमिंग, रनिंग और शूटिंग तीनों किया जाता है। तीनों खिलाड़ियों ने टीम बना कर अच्छा प्रदर्शन करते हुए ज्यादा अंक स्कोर किया और रजत पदक प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ मॉर्डन पेंटाथोलन टीम में 22 सदस्यों ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ मॉर्डन पेंटाथोलन टीम ने 8 फरवरी से 13 फरवरी तक उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित खेलों में भाग लिया था। छत्तीसगढ़ मॉर्डन पेंटाथोलन के अध्यक्ष रवि सोनकर, सचिव प्रमोद ठाकुर और कोच दिलीप विश्वकर्मा को छत्तीसगढ़ फिनस्विमिंग के अध्यक्ष अजय गुप्ता, जिला अध्यक्ष खिलेशवर चंद्राकर, सचिव नंदा साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष व्यायाम शिक्षक जयंत वर्मा, दुर्ग जिला ओलिंपिक संघ सहसचिव पोखन साहू, दुर्ग व्यायाम शिक्षक संघ के अध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल, कोषाध्यक्ष नागेश्वर राव, सचिव टूमन देवांगन, मीडिया प्रभारी आनंद चंद्राकर और ट्रायथलॉन एसोसिएशन दुर्ग अध्यक्ष विनोद प्रसाद गुप्ता ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के लिया छत्तीसगढ़ मॉर्डन पेंटाथोलन टीम के ऑफिशियल कोच को बधाई दिया। बिलासपुर जिला के अध्यक्ष हेमंत सिंह परिहार ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर टीम का मनोबल बढ़ाया।

**दिलेश्वरी,चंद्रकला और मोनिका ने जीता रजत, हुआ जोरदार स्वागत**

## उपनयन संस्कार में अहंकार रहित होने माता-पिता से मांगी भिक्षा

# उपनयन संस्कार जीवन जीने की कला सिखाती है जीवन साधना से बनेगा साधन से नहीं: आचार्य अजय

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** उपनयन संस्कार जीवन जीने की कला सिखाती है। इसलिए बच्चों का उपनयन संस्कार जरुरी है। इस उद्देश्य के साथ ही आर्य समाज में संजीत पुरंग का उपनयन संस्कार विधि-विधान से किया गया। उपनयन संस्कार में वैदिक यज्ञ मंत्र पाठ, प्रार्थना, उपासना, वैदिक उपदेश, खड़ाऊं धारण, आचार्य उपदेश, भिक्षाम देहि जैसी अनेक शास्त्रीय वैदिक विधियां कराई गई। यह सभी विधियां आचार्य डॉ. अजय आर्य द्वारा कराई गई। इस अवसर पर आचार्य ने उपदेश में बताया कि उपनयन सहित सभी संस्कार की समस्त प्रक्रियाएं जीवन जीने की कला सिखाती है। उपनयन संस्कार में सिखाया जाता है कि अधिक क्रोध नहीं करना, अधिक सोना नहीं और अधिक भोजन नहीं करना चाहिए, यह जीवन के का प्रमुख उपदेश है। यौवन, धन संपत्ति, अधिकार और अविवेकी होना, इनमें से कोई भी एक बाते व्यक्ति के जीवन को नष्ट करने के लिए पर्याप्त है।





### अंहकार रहित होने मांगी भिक्षा

भिक्षाम देहि कह कर जब संजीत उपस्थित जनसमूह के पास पहुंचे तो माता-पिता की आंखें नाम हो गई और वह भावुक हो गए। संजीत ने उपनयन संस्कार के बाद पहली भिक्षा माता-पिता से मांगी। खड़ाऊ पहनकर कमंडल पकड़कर ब्रह्मचारी की वेशभूषा में संजीत ने अपने मित्रों रिश्तेदारों सभी से भिक्षा मांगी। आचार्य ने समझाया की भिक्षा मांगने का अर्थ है अहंकार रहित होना।कार्यक्रम में अवनी भूषण पुरंग, ज्योति पुरंग, शिव कुमार शारदा, रेखा शारदा,विजय लखनपाल, अशोक लखनपाल, प्रीति लखनपाल,यतीन्द्र पुरंग, सोनिया पुरंग सहित अन्य जन आहुति दी।

### जो तपस्या करते हैं वे समस्या से पार चले जाते है

उपनयन संस्कार का अर्थ है निकट जाना। परमात्मा, वेद, ब्रह्म, तप, त्याग और साधना के निकट जाना ही उपनयन है। जीवन तपस्या से बनता है। अगर जीवन में तपस्या नहीं है तो समस्या जरूर होगी। जो तपस्या करते हैं वह समस्या से पार चले जाते हैं। जीवन साधनों से नहीं साधना से बनता है। आज जब आप लोग अपने बच्चों के लिए विद्यालय दूंढते हैं तो एयर कंडीशन होना चाहिए साधन संपन्न होना चाहिए। इस बात पर ज्यादा जोर देते हैं। राम और कृष्ण अगर साधन के गुलाम होते तो उनका जीवन नहीं बन पाता। जीवन साधना से बनता है। इसलिए अपने बच्चों को आप तपस्या करने का साधना करने का अभ्यास जरूर कराएं। संस्कृत में संस्कार शब्द शुभ विचार और शुभ कर्म के लिए दो प्रयोग में आया ही है। यह छोकने के अर्थ में भी प्रयोग किया गया है। जैसे आप दाल बना ले साधारण है और स्वाद भी साधारण है, लेकिन जैसे ही उसमें आप तड़का या छौंक लगा देते हैं उसकी खुशबू फैल जाती है और स्वाद बढ़ जाता है। संस्कार जीवन में तड़का लगाता है। जीवन को पवित्र बनाने के लिए संतोष, संयम और साधना की आवश्यकता होती है। आचार्य ने वैदिक मंतव्य के अनुसार वैदिक मंत्रों की व्याख्या की।

से भी जानें

## छोटी सी गलती से टूट सकता है मां बनने का सपना, जानें महिलाओं में बांझपन की वजह



मां बनना हर महिला के जीवन का एक खूबसूरत एहसास होता है। अनियमित जीवनशैली, हार्मोनल असंतुलन और कुछ गलत आदतें इस सपने को तोड़ सकती हैं। हाल के वर्षों में महिलाओं में बांझपन के मामले तेजी से बढ़े हैं, जिससे गर्भधारण में मुश्किलें आ रही हैं। आधुनिक जीवनशैली, तनाव और अनियमित खान-पान महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य पर गहरा असर डाल रहे हैं। कई बार छोटी-छोटी गलतियां बांझपन की वजह बन सकती हैं, जिससे महिलाओं का मां बनने का सपना अधूरा रह सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सही समय पर पहचान और उपचार से इस समस्या से बचा जा सकता है। हाल के वर्षों में बांझपन के मामले तेजी से बढ़े हैं, और इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं- हार्मोनल असंतुलन, बढ़ती उम्र, धूम्रपान, मोटापा और अनहेल्दी डाइट। आइए जानते हैं उन मुख्य कारणों के बारे में, जो महिलाओं में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं।

### हार्मोनल असंतुलन है मुख्य वजह

महिलाओं में बांझपन का सबसे बड़ा कारण हार्मोनल असंतुलन होता है। कई बार पीसीओएस जैसी स्थितियां ओव्यूलेशन को प्रभावित करती हैं, जिससे गर्भधारण में दिक्कत होती है।

**उम्र का बढ़ना :** विशेषज्ञों के मुताबिक, 35 की उम्र के बाद महिलाओं की फर्टिलिटी कम होने लगती है। उम्र बढ़ने के साथ अंडाणुओं की गुणवत्ता भी घटती जाती है, जिससे गर्भधारण मुश्किल हो सकता है।

**तनाव और मानसिक स्वास्थ्य :** लगातार तनाव में रहना महिलाओं की प्रजनन क्षमता पर बुरा असर डाल सकता है। तनाव हार्मोनल संतुलन को बिगाड़ सकता है और मासिक चक्र को अनियमित कर सकता है।

**मोटापा और गलत खान-पान :** अत्यधिक वजन या बहुत कम वजन होने से ओव्यूलेशन प्रभावित हो सकता है। जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का ज्यादा सेवन भी हार्मोनल असंतुलन को जन्म दे सकता है।

**धूम्रपान और शराब का सेवन :** धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन महिलाओं की प्रजनन क्षमता को नुकसान पहुंचाता है। शोध के अनुसार, जो महिलाएं धूम्रपान करती हैं, उनमें समय से पहले मेनोपॉज आने की संभावना अधिक होती है।

**अनियमित पीरियड्स और ओव्यूलेशन की समस्या:** अगर मासिक धर्म नियमित नहीं है, तो यह ओव्यूलेशन की समस्या का संकेत हो सकता है। ऐसे में डॉक्टर से सलाह लेकर सही इलाज कराना जरूरी है।

**कैसे करें बचाव :** बांझपन कोई लाइलाज समस्या नहीं है, लेकिन सही समय पर सावधानी और चिकित्सा परामर्श लें हेल्दी डाइट लें और नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। तनाव कम करने के लिए योग और मेडिटेशन करें। धूम्रपान और शराब से दूरी बनाएं। नियमित रूप से स्त्री रोग विशेषज्ञ से चेकअप कराएं।

## रात में इन चीजों का सेवन हो सकता है सेहत के लिए हानिकारक



रात का समय हमारे शरीर के आराम के लिए बहुत अहम होता है। इस समय सही खान-पान न केवल अच्छी नींद में मदद करता है बल्कि अगली सुबह को भी ताजगी भरी बनाता है, लेकिन कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जिनका रात में सेवन करना हमारी सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। आइए उन चीजों के बारे में जानते हैं, जिन्हें रात में खाने से बचना चाहिए।

**कैफीन युक्त पेय पदार्थों का सेवन न करें :** कैफीन युक्त पेय जैसे चाय, कॉफी या एनर्जी ड्रिंक्स का सेवन रात में करने से नींद प्रभावित हो सकती है। कैफीन एक उत्तेजक तत्व होता है, जो मस्तिष्क को सक्रिय रखता है और इससे नींद आने में दिक्कत होती है। अगर आप अच्छी नींद चाहते हैं तो सोने से कम से कम चार घंटे पहले कैफीन युक्त पेय पदार्थों का सेवन बंद कर दें।

**मसालेदार भोजन खाने से बचें :** मसालेदार भोजन रात के समय खाने से पेट की समस्याएं बढ़ सकती हैं। यह एसिडिटी और अपच जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है, जिससे आपकी नींद में खलल पड़ सकता है। मसालेदार खाने से पेट में जलन भी हो सकती है, जो रात में आराम करने में बाधा बनती है। इसलिए रात के समय हल्का भोजन करना बेहतर होता है ताकि पेट की समस्याओं से बचा जा सके और नींद अच्छी आए। मीठे खाद्य पदार्थ जैसे मिठाई या शक्करयुक्त स्नैक्स का अधिक सेवन रात में करने से रक्त शर्करा स्तर बढ़ सकता है, जिससे अनिद्रा की समस्या हो सकती है।

व्रत के दौरान अनाज का सेवन वर्जित होता है और केवल सात्विक भोजन किया जाता है

# महाशिवरात्रि, व्रत के दौरान बनाकर खाएं पौष्टिकता से भरपूर मखाने के ये व्यंजन

महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पारवती के शुभ विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला त्योहार है, जो इस साल 26 फरवरी को पड़ रहा है। इस दिन सभी श्रद्धालु पूरे विधि-विधान के साथ शिव जी की आराधना करते हैं और व्रत रखते हैं। व्रत के दौरान अनाज का सेवन वर्जित होता है और केवल सात्विक भोजन किया जाता है। महाशिवरात्रि के उपवास के दौरान मखाने का सेवन किया जाता है, जिससे ये लजीज व्यंजन बनाए जा सकते हैं।



### मखाने की फिरनी

मखाने की फिरनी बनाने के लिए एक कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें मखाने भून लें। इन्हें एक बैग में डालकर बेलन की मदद से तोड़ लें। अब एक बर्तन में दूध गर्म करें और उसमें उबाल आ जाने दें। जब दूध गाढ़ा होने लगे तो उसमें केसर और इलायची पाउडर मिला दें। इसके बाद इसमें चीनी शामिल करें और लगातार मिलाते हुए पकने दें। जब दूध आधा हो जाए तो उसमें मखाने डालकर मिला लें।

### मखाने की रबड़ी

व्रत के दौरान आप मखाने की रबड़ी बना सकते हैं, जिसकी विधि आसान है। इसके लिए एक पैन में दूध गर्म करने के लिए रख दें।दूसरी तरफ मखानों को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। कढ़ाई में घी गर्म करके मखानों और मेवों को भून लें और मिक्सी में पीस लें। इस पाउडर में किशमिश, चिरौंजी और पिस्ता मिला लें। इस मिश्रण को दूध में डालें और चीनी डालकर तब तक पकाएं, जब तब यह गाढ़ा न हो जाए।

### मखाने की खीर

व्रत के दौरान हमारे शरीर को पर्याप्त ऊर्जा की जरूरत होती है। इसके लिए आप मखाने की खीर बनाकर खा सकते हैं। यह एक मीठा व्यंजन है, जो महाशिवरात्रि पर बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए, सबसे पहले घी में मखाने भून लें। अब एक पैन में दूध चढ़ाएं और इसमें केसर और मखाने डालें। इसमें सूखे मेवों को बारीक काटकर डाल दें। अंत में इसमें इलाइची पाउडर और चीनी डालें। आपकी मखाने की खीर तैयार है।

### मखाने के लड्डू

मखाने के लड्डू की रेसिपी की शुरुआत मखाने भूनने से होती है। भूनने के बाद उन्हें कुछ देर ठंडा होने दें, फिर मिक्सी में पीस लें। अब कढ़ाई में सूखे मेवों को भी भून लें और उन्हें भी पीसें। एक प्लेट में मखाने का पाउडर, मेवों का पाउडर, इलायची पाउडर और बारीक कटे मेवे मिलाएं। कढ़ाई में गुड़ और पानी को पिघलाकर चाशनी बनाएं और उसमें मखाने का मिश्रण डाल दें। इसे ठंडा करें और इसके गोल-गोल लड्डू बना लें।

## सोने से पहले नाभि पर लगाएं घी मिलेंगे स्वस्थ त्वचा समेत अनेक लाभ

आयुर्वेद के अनुसार, नाभि हमारे शरीर का केंद्र बिंदु होती है, जिससे कई अंग जुड़े होते हैं। भारत में दादी-नानी सदियों से नाभि में घी लगाने की सलाह देती आई हैं। अब इंटरनेट पर इस रुझान की खूब चर्चा हो रही है और इसे दुनियाभर के लोग बढ़-चढ़कर अपना रहे हैं। हालांकि, नाभि में घी लगाने से पहले इससे मिलने वाले स्वास्थ्य लाभों पर नजर डालना जरूरी होता है। सोने से पहले नाभि पर घी लगाएं और ये फायदे पाएं।



**तनाव से मिलेगा छुटकारा :** आयुर्वेद के अनुसार, नाभि पर घी लगाने से वात दोष संतुलित रहता है। यह शरीर और मन में गति को नियंत्रित करने वाला तत्व है, जिसके कारण चिंता, थकान और अनिद्रा जैसी परेशानियां पैदा होती हैं। नाभि पर घी लगाने से यह दोष मिट जाता है और तनाव से छुटकारा मिल जाता है। इससे तंत्रिका तंत्र को आराम मिलता है और चिंता व बेचैनी कम होती है। साथ ही, घी की मदद से आपको आरामदायक नींद भी मिल सकती है।

**चमकेगी आपकी त्वचा :** अगर आप रोजाना रात के समय अपनी नाभि में घी लगाएंगे तो आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार बन जाएगी। यह त्वचा की देखभाल करने का आसान तरीका है, जो सदियों से अपनाया जा रहा है। घी में विटामिन, फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा को पोषण और नमी प्रदान करते हैं। इसकी मदद से आपकी त्वचा अंदरूनी तौर पर हाइड्रेट हो जाएगी और रूखेपन से छुटकारा मिल जाएगा। नाभि में घी लगाने से त्वचा में निखार भी आएगा।

**पाचन होगा दुरुस्त :** रात को सोने से पहले नाभि पर घी लगाने से आपका पाचन स्वास्थ्य दुरुस्त हो सकता है। इसके जरिए पेट से जुड़ी समस्याओं का इलाज करने में मदद मिलती है। नाभि में रोजाना घी लगाने से गैस, कब्ज, एसिडिटी और यहां तक की पेट दर्द की समस्या भी दूर हो जाती है। यह प्रक्रिया पाचन एंजाइम्स को सक्रिय करती है, जिससे खाने को ठीक तरह से पचाने में मदद मिलती है।

**होंठों का फटना होगा कम :** सर्दियों के दौरान ठंडी और शुष्क हवा चलती है, जिसके कारण होंठ फटने लगते हैं। कई लोगों को इस दौरान दर्द महसूस होता है और उनके होंठों से खून भी आने लगता है। हालांकि, अगर आप हर रात अपनी नाभि में घी लगाते हैं तो इस समस्या का समाधान किया जा सकता है। इससे न केवल आपके होंठ फटने बंद हो जाएंगे, बल्कि वे मुलायम और गुलाबी भी हो जाएंगे।

## 21 फरवरी से इन 3 राशि वालों का चमेकगा भाग्य, होगा आकस्मिक धनलाभ

ज्योतिष शास्त्र मुताबिक बुध ग्रह मिथुन और कन्या राशि के स्वामी हैं। साथ ही बुध देव व्यापार, बुद्धि, तर्क शक्ति, अर्थव्यवस्था, शेयर बाजार और गणित के कारक हैं। इसलिए बुध ग्रह की चाल जब भी बदलती है तो खासकर इन क्षेत्रों पर खास प्रभाव पड़ता है। आपको बता दें कि 21 फरवरी को बुध ग्रह कुंभ राशि में उदित होने जा रहे हैं। जिससे 3 राशि के जातकों को व्यापार और करियर में सफलता मिल सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं




**वृश्चिक राशि :** बुध देव का उदित आप लोगों के लिए शुभ सिद्ध हो सकता है। क्योंकि बुध देव आपकी राशि से सुख-साधन के स्थान पर उदित होंगे। इसलिए इस दौरान आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि हो सकती है। वहीं लंबे समय से अटके काम पूरे होंगे। वहीं अगर आपका काम- कारोबार रियल स्टेट, प्रापर्टी या जमीन- जायदाद से जुड़ा हुआ है तो आपको अच्छा लाभ हो सकता है। वहीं इस समय आपकी माता के साथ संबंध मजबूत होंगे। साथ ही इस समय आप कोई लग्जरी आयटम खरीद सकते हैं। वहीं छात्रों को करियर को लेकर कोई टेंशन है, तो वो भी जल्द दूर हो सकती है। वित्तीय क्षेत्र में किए गए प्रयासों में कारोबारियों को सफलता मिलेगी।

**मेष राशि :** आप लोगों के लिए बुध ग्रह का उदित होना शुभ फलदायी साबित हो सकता है। क्योंकि बुध ग्रह आपकी राशि से इनकम और लाभ स्थान पर उदित होने जा रहे हैं। इसलिए इस समय आपकी आय में जबरदस्त इजाफा हो सकता है। साथ ही पढ़ाई में जो छात्र समस्याओं का सामना कर रहे हैं, वे अब उनसे बाहर निकल पाएंगे। वहीं राजनीति से जुड़े लोगों को विवादों से मुक्ति मिलेगी। गुरु या मेंटर के रूप में काम करने वालों को नई ऊर्जा मिलेगी। साथ ही इस समय आपको निवेश से लाभ के योग बनेंगे। वहीं इस दौरान जो लोग शेयर बाजार, सट्टा और लॉटरी में निवेश करना चाहते हैं, उनके लिए समय अनुकूल है।

**कुंभ राशि :** बुध ग्रह का उदित होना कुंभ राशि के लोगों को लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। क्योंकि बुध ग्रह आपकी गोचर कुंडली के लग्न भाव पर संचरण उदित होंगे। इसलिए इस समय आपकी कार्य करने की शैली में निखार होगा। साथ ही इस दौरान आप लोकप्रिय होंगे। वहीं समाज में आपको मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। साथ ही नए कॉन्ट्रैक्ट व डील से बिजनेसमैन को लाभ होगा और बिजनेस का विस्तार होगा। साथ ही इस दौरान शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। वहीं अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव आ सकता है।



## रात में अच्छी नींद पाना चाहते हैं तो आजमाएं ये आयुर्वेदिक उपाय, दूर करें नींद की कमी

नींद की कमी आजकल एक आम समस्या बन गई है, जिससे कई लोग जूझ रहे हैं। यह न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डालती है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है। आयुर्वेद में कुछ सरल उपाय बताए गए हैं, जो आपकी नींद को बेहतर बना सकते हैं। ये उपाय प्राकृतिक होते हैं। आइए कुछ ऐसे आयुर्वेदिक उपायों के बारे में जानते हैं, जो आपको रात में अच्छी नींद दिलाने में मदद कर सकते हैं।

### सोने से पहले गर्म दूध का सेवन करें

गर्म दूध का सेवन सोने से पहले करने से शरीर को आराम मिलता है और नींद जल्दी आती है। दूध में ट्रिप्टोफैन नामक अमीनो एसिड होता है, जो मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को बढ़ाता है और इससे नींद बेहतर होती है। आप इसमें थोड़ा-सा हल्दी या जायफल मिलाकर पी सकते हैं, जिससे इसका प्रभाव और भी बढ़ जाता है। यह नुस्खा आपके शरीर को शांत करता है और दिमाग को तनावमुक्त करता है।

### तिल के तेल की मालिश करें

तिल का तेल आयुर्वेद में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। सोने से पहले सिर और पैरों की मालिश तिल के तेल से करने पर शरीर का तनाव कम होता है और मन शांत होता है। यह रक्त संचार को सुधारता है और मांसपेशियों की थकान दूर करता है, जिससे गहरी नींद आती है। इस प्रक्रिया को नियमित रूप से अपनाने पर आपको जल्द ही फर्क महसूस होगा।

### हर्बल चाय पिएं

सोने से पहले हर्बल चाय पीना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। कैमोमाइल या तुलसी जैसी जड़ी-बूटियों वाली चाय आपके नसों को शांत करती हैं, जिससे आपको जल्दी नींद आने लगती है। इन चायों में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर के विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालते हैं और आपकी सेहत को बेहतर बनाते हैं। इसे पीकर आप खुद को हल्का और तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार होगा और आप सुबह उठकर ताजगी महसूस करेंगे।



### इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग बंद करें

सोने से पहले कम-से-कम एक घंटे पहले सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि का उपयोग बंद कर देना चाहिए। इन उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन में बाधा डालती है, जिससे नींद आने में दिक्कत होती है।

इसके बजाय आप किताब पढ़ सकते हैं या हल्का संगीत सुन सकते हैं। यह आपके मन को शांत करता है और तनाव कम करता है, जिससे आपको जल्दी और गहरी नींद आती है।

**नियमित समय पर सोएं :** नियमित समय पर सोना आपकी बॉडी क्लॉक सेट करने में मददगार साबित हो सकता है। जब आप रोजाना एक ही समय पर सोते हैं तो आपका शरीर उस रूटीन का आदी हो जाता है, जिससे आपको बिना किसी परेशानी के जल्दी नींद आने लगती है। कोशिश करें कि सप्ताहांत पर भी इस रूटीन का पालन करें ताकि आपकी बॉडी क्लॉक सही बनी रहे।

कार्नर न्यूज

सही डाइट और हाइड्रेशन से किया जा सकता है नियंत्रित

# पीरियड्स के दौरान क्यों लो हो जाता है बीपी? जानें इसकी वजह और बचाव के उपाय

महिलाओं के लिए मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन इस दौरान शरीर में कई बदलाव होते हैं। कई महिलाओं को थकान, चक्कर आना और कमजोरी महसूस होती है, जिसका एक बड़ा कारण लो ब्लड प्रेशर हो सकता है। पीरियड्स के दौरान बीपी कम होना आम समस्या है, लेकिन कई बार यह गंभीर रूप भी ले सकता है। आइए जानते हैं कि पीरियड्स के दौरान ब्लड प्रेशर लो क्यों होता है और इसे नियंत्रित रखने के उपाय क्या हैं। पीरियड्स के दौरान लो ब्लड प्रेशर होना एक आम समस्या है, लेकिन इसे सही डाइट और हाइड्रेशन से नियंत्रित किया जा सकता है। यदि बार-बार चक्कर आना, अत्यधिक कमजोरी या बेहोशी जैसी स्थिति बने, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।



### हार्मोनल बदलाव

मासिक धर्म के दौरान एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन जैसे हार्मोन्स के स्तर में उतार-चढ़ाव होता है, जिससे रक्त संचार प्रभावित होता है और ब्लड प्रेशर कम हो सकता है।

### खून की कमी (एनिमिया)

पीरियड्स के दौरान ज्यादा रक्तस्राव होने पर शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम हो सकती है, जिससे ब्लड प्रेशर गिरने लगता है। खासकर उन महिलाओं में यह समस्या ज्यादा देखी जाती है, जिनमें पहले से ही खून की कमी होती है।

### डिहाइड्रेशन

मासिक धर्म के दौरान शरीर से अधिक मात्रा में द्रव बाहर निकलता है, जिससे डिहाइड्रेशन हो सकता है। पानी की कमी होने से रक्त संचार प्रभावित होता है और ब्लड प्रेशर लो होने लगता है।

### दर्द निवारक दवाओं का सेवन

पीरियड्स के दर्द से राहत पाने के लिए कई महिलाएं पेनकिलर दवाओं का सेवन करती हैं, जो ब्लड प्रेशर को कम कर सकती हैं।

### पोषण की कमी

अगर पीरियड्स के दौरान शरीर को जरूरी पोषक तत्व नहीं मिलते, तो कमजोरी और लो बीपी की समस्या हो सकती है। खासतौर पर आयरन, फोलिक एसिड और मैग्नीशियम की कमी से यह समस्या अधिक बढ़ जाती है।



### पीरियड्स के दौरान लो बीपी से बचाव के उपाय

पीरियड्स के दौरान डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिनभर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिएं।

खून की कमी को पूरा करने के लिए हरी पत्तेदार सब्जियां, अनार, चुकंदर, ड्राई फ्रूट्स और दालें अपने आहार में शामिल करें। लो बीपी से बचने के लिए हल्का नमक और मीठा पानी पिएं. नारियल पानी और ग्लूकोज ड्रिंक भी फायदेमंद हो सकते हैं। ज्यादा कॉफी या चाय का सेवन ब्लड प्रेशर को और गिरा सकता है। पेनकिलर लेने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें। थकान और कमजोरी से बचने के लिए शरीर को पर्याप्त आराम दें और हल्की एक्सरसाइज करें, जिससे रक्त संचार बेहतर हो।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## सेलिब्रिटी पेरिस हिल्टन करोड़ों रुपए की संपत्ति की हैं मालकिन



हॉलीवुड के कई सेलिब्रिटीज भारत में भी खूब पॉपुलर हैं। ऐसी ही एक सेलिब्रिटी पेरिस हिल्टन भी हैं। वह लगभग हर फील्ड में हाथ आजमा चुकी हैं। मॉडल, एक्टर, सिंगर सभी कुछ रह चुकी हैं। साथ ही बतौर बिजनेस वूमेन भी काफी पॉपुलर हैं। वह एक रईस अमेरिकी होटल चैन मालिक हिल्टन परिवार से संबंध रखती हैं और उनके नाम करोड़ों की संपत्ति है। पेरिस हिल्टन अमेरिका के न्यू यॉर्क में पैदा हुईं और लॉस एंजिल्स में बड़ी हुईं। वह कॉनेंड हिल्टन की पोती हैं, जो मशहूर अमेरिकी हिल्टन होटल चैन के मालिक हैं। पेरिस ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की। उन्हें डोनाल्ड ट्रंप, जो आज अमेरिकी राष्ट्रपति हैं, ने कभी अपनी मॉडलिंग एजेंसी के जरिए मौका दिया। कम ही समय में पेरिस मॉडलिंग की दुनिया में मशहूर हो गईं। इसके बाद 90 के दशक में पेरिस हिल्टन ने कई रियालिटी शो किए, जिसमें 'द सिंपल लाइफ', 'पेरिस हिल्टन माय न्यू बॉयफ्रेंड', 'द वर्ल्ड अकॉर्डिंग टू पेरिस' और 'कुकिंग विद पेरिस'। इन सभी शो में उन्होंने अपनी जिंदगी दर्शकों को दिखाई। पेरिस ने सिंगिंग में भी हाथ आजमाया, अपने सिंगल एल्बम निकाले, बतौर डिस्क जॉकी भी काम किया। कुछ हॉलीवुड फिल्मों में भी वह नजर आईं। सफल होने के बाद पेरिस हिल्टन ने साल 2004 में बिजनेस वूमेन के तौर पर काम करना शुरू किया।

### टॉलीवुड

## साउथ की ये फिल्में इतिहास की मार्मिक कहानियों पर हैं आधारित



वैलेंटाइन डे के मौके पर विक्की कौशल की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म 'छावा' सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों का काफी प्यार मिल रहा है। फिल्म ने पहले दिन ही 31 करोड़ रुपये के कलेक्शन के साथ शानदार ओपनिंग की। साथ ही तीन दिनो में ही 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर गई। अगर आप भी ऐतिहासिक फिल्में देखने के शौकीन हैं, तो आज हम आपको साउथ की कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं। साउथ की फिल्म 'राजन्ना'एक पीरियड ड्रामा फिल्म है। यह साल 2011 में रिलीज हुई। जो भारत के आजाद होने के पहले के स्वतंत्रता सेनानी सुदाला हनुमंथु के जीवन पर आधारित है। इस फिल्म में नागार्जुन ने मुख्य भूमिका निभाई है। 'महानती'साउथ इंडियन एक्ट्रेस सावित्री के जीवन पर आधारित है, जो उनके जीवन के उत्थान और पतन को दिखाती है। यह फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दुलकर सलमान और कीर्ति सुरेश ने प्रमुख भूमिका अदा की है। सायरा नरसिम्हा रेड्डी भारत के पुराने इतिहास पर आधारित है। इस फिल्म में दिखाया जाता है कि रायलसीमा के सम्राट उलायवाडा नरसिम्हा रेड्डी अंग्रेजों को खत्म करने की लड़ाई लड़ते हैं। इस फिल्म में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। गौतमीपुत्र सत्कारणी सातवाहन वंश के राजा गौतमीपुत्र शातकर्णी की कहानी पर आधारित है। यह उनके जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म ने साल 2016 में सिनेमाघरों में दस्तक दिया था।

### भोजपुरी

## अक्षरा की सुरीली आवाज से गाढ़े होंगे होली के रंग, आ रहा है 'कंगना जोगीरा



भोजपुरी अभिनेत्री अपने अभिनय के लिए तो दर्शकों के दिलों पर राज करती ही हैं, साथ ही फैंस उनकी सुरीली आवाज के भी मुरीद हैं। छठ हो या होली-दिवाली और दशहरा, अक्षरा के गानों के बिना हर त्योहार अधूरा सा लगता है। अब जब होली का त्योहार आने वाला है तो अभिनेत्री फैंस के लिए एक होली स्पेशल गाना लेकर आई हैं। उसका टीजर रिलीज हुआ है। अक्षरा सिंह के इस गाने का टाइटल है 'कंगना जोगीरा गावे'। फिलहाल आज शनिवार 15 फरवरी को गाने का टीजर जारी हुआ है। इसे टी-सीरीज हमार यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। गाने को अक्षरा ने अपनी सुरीली आवाज से सजाया है साथ ही गाने पर उन्होंने परफॉर्म भी किया है। इसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। शरारत भी है और त्योहार की उमंग भी। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस को अपने इस नए गाने के बारे में अपडेट दिया है। उन्होंने टीजर शेयर करते हुए लिखा है, 'एनर्जी से भरपूर गाने की झलक आपके लिए। कंगना जोगीरा गावे गाने का टीजर रिलीज हो गया है। जल्द ही पूरा गाना भी आने वाला है'। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए फैंस को अपने इस नए गाने के बारे में अपडेट दिया है। उन्होंने टीजर शेयर करते हुए लिखा है, 'एनर्जी से भरपूर गाने की झलक आपके लिए। कंगना जोगीरा गावे गाने का टीजर रिलीज हो गया है। जल्द ही पूरा गाना भी आने वाला है'। दर्शकों को टीजर इतना दिलचस्प लगा है कि गाने के प्रति उनकी बेकरारी बढ़ गई है। यूजर्स अक्षरा की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'अक्षरा दीदी का जवाब नहीं'। एक यूजर ने लिखा, 'अबकी होली जानदार होने वाली है, अक्षरा का गाना जो आया है'। एक यूजर ने लिखा, 'सुपर सॉन्ग'। इस गाने के बोल मनोज मतलबी ने लिखे हैं।

---

लाइफ स्टाइल

## रेखा की ऊंची हील्स से निकलते पंजे पर अटकी निगाह

रेखा ने जैसे ही 'द रोशन्स' की सक्सेस पार्टी में एंट्री ली सारी कैमरों का फोकस उन पर आकर ठहर गया। सिर पर सफेद तौलिया बांधे हसीना ब्लैक एंड वाइट कपड़ों में अपनी अदाएं दिखाकर सबको लट्टू बना गईं। उन्होंने ब्लैक काफ्तान जैसी ड्रेस के साथ वाइट सलवार पेयर की। जिसमें उनका अंदाज कमाल का लगा। रेखा ने लूज फिटेड काफ्तान पहना है। जिसकी वाइट रफल स्लीव्स और नेकलाइन स्टाइल कोशेंट को बढ़ाने का काम कर गई, तो साथ में वाइट शॉर्ट लेंथ सलवार का कॉम्बिनेशन भी परफेक्ट लगा। वहीं, उनके तौलिया वाले हेडपीस ने ओवरऑल अंदाज को और भी इनहैंस कर दिया। जहां वह कूल लगने के साथ ही खुद को फिर से फैशनिस्टा साबित कर गईं। अपने इस लुक को स्टाइल करने के लिए रेखा ने हमेशा की तरह सब्यसाची मुखर्जी की एक्सेसरीज पहनी। उनके गोल्डन ईयररिंग्स हो या फिर ब्रेसलेट, रिंग और शेर वाला एम्बेलिश्ड स्लिंग बैग, सबकुछ लुक के साथ बैलेंस क्रिएट कर गया और उन पर खूब जचा।



---

## शिव जी की पूजा करते हुए पहनें ये बंधेज प्रिंट वाली साड़ियां, लुक दिखेगा ट्रेडिशनल

फैशन





इस साल महाशिवरात्रि का पावन पर्व 26 फरवरी, 2025 को मनाया जा रहा है। इस दिन हर कोई भोलेनाथ की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करता है। कहा जाता है जो भक्त शिवजी शिवरात्रि पर मन से पूजा करते हैं उनको मनचाहा वरदान मिलता है। इस दिन सुबह से ही मंदिरों में भीड़भाड़ होने लग जाती है। स्त्रियों से लेकर पुरुष हर कोई इस दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करके व्रत भी करते हैं। इसके साथ ही ,महिलाएं इस खास दिन खूब सज-संवरकर पारंपरिक और खूबसूरत लुक में तैयार होकर भोलेनाथ की पूजा करती हैं। यदि आप भी ससुराल में रहकर व्रत रखने के साथ शिवजी की पूजापाठ करने जा रही हैं तो आज हम आपको इस आर्टिकल में कुछ बंधेज साड़ियों के डिजाइन दिखाने जा रहे हैं। जिनको आप कैरी करके खुद की ट्रेडिशनल लुक दे सकती हैं। आइए देखें डिफरेंट प्रिंट और कलर वाली बंधेज साड़ियां।

**रेड जॉर्जेट बंधेज साड़ी :** किसी भी पूजा में लाल रंग पहनना काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में आप फोटो में नजर आ रही रेड कलर की बंधेज प्रिंट साड़ी से आइडिया ले सकती हैं। इस साड़ी पर गोल्डन कलर का बॉर्डर लगा हुआ है। ब्लाउज पर भी गोल्डन कलर का वर्क किया गया है। साड़ी के संग आप भी गोल्डन और रेड बीड्स वाले इयररिंग्स पेयर अप कर सकती हैं। साथ में बन हेयर स्टाइल मिनिमल मेकअप में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा।

**ग्रीन सिल्क बंधेज साड़ी :** आप महाशिवरात्रि की पूजा में ऐसी हरे रंग की बंधेज साड़ी को भी ट्राई कर सकती हैं। इस ग्रीन रंग की सिल्क साड़ी का जरी बॉर्डर लुक को और भी ज्यादा ग्रेसफुल बना रहा है। साड़ी के संग आप भी ग्रीन और कुंदन बीड्स वाला डबल लेयर नेकलेस और मैचिंग झुमकी कैरी करें। आप चाहे तो सिर्फ झुमकी भी पहन सकती हैं। इसके साथ बालों को स्ट्रेट करके ओपन रखें और मेकअप को न्यूड टच दें।

**पीला रंग भी देता है ट्रेडिशनल लुक :** पीला रंग भी पूजा के दौरान ट्रेडिशनल लुक देता है। ऐसे में आप फोटो में नजर आ रही येलो कलर की सिंपल सोबर बंधेज प्रिंट साड़ी को भी स्टाइल कर सकती हैं। इस साड़ी पर गोल्डन कलर का स्लिम बॉर्डर लगा हुआ है। येलो साड़ी के संग आप भी रेड कलर का कंट्रास्ट ब्लाउज कैरी करें। इसके संग रेड कलर की चूड़ी पेंडेंट नेकलेस और गोल्डन झुमकी आपके लुक में चार चांद लगा देगी। हेयर स्टाइल को आप कर्ल करके हाफ टक कर सकती हैं।

---

## फ्लोरल आउटफिट में दिखेंगी बला की खूबसूरत, बस साथ में पहनें ये ज्वेलरी, अपने लुक को दें परफेक्ट टच

अमूमन खुद को स्टाइल करते समय हम कई तरह के आउटफिट पहनना पसंद करते हैं लेकिन अगर बात फेमिनिन लुक की हो तो ऐसे में फ्लोरल आउटफिट यकीनन आपके लुक को बेहद खास दिखाते हैं। फ्लोरल आउटफिट आपके स्टाइल में एक फ्रेशनेस एड करते हैं। यूं तो फ्लोरल आउटफिट पहनकर आप अपने डेली लुक को भी खास बना सकती हैं। अगर आप एक परफेक्ट टच चाहती हैं तो ऐसे में आपको फ्लोरल आउटफिट के साथ सही ज्वैलरी को भी पेयर करना करना आना चाहिए। इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप फ्लोरल आउटफिट के साथ किस तरह की ज्वैलरी को पेयर कर सकती हैं।

**मूड के हिसाब से स्टाइल करें क्रिएट :** ज्वैलरी ना केवल आपके लुक को एक डिफरेंट टच देती है, बल्कि आप अपने मूड के हिसाब से अपने स्टाइल को क्रिएट कर सकती हैं। मसलन, अगर आप फ्लोरल आउटफिट में एक कैजुअल लुक चाहती हैं तो ऐसे में सिंपल पेंडेंट या फिर स्टड को पेयर किया जा सकता है।



**पहनें स्टेटमेंट इयररिंग्स :** अगर आप फ्लोरल प्रिंट आउटफिट पहन रही हैं और उसमें एक बोल्ड व मॉडर्न लुक कैरी करना चाहती हैं तो ऐसे में उसके साथ स्टेटमेंट इयरिंग्स जैसे ओवरसाइज्ड हूप्स या डैंगल्स को पहन सकती हैं। जब आप स्टेटमेंट इयररिंग्स पहन रही हैं तो हमेशा ऐसे कलर को चुनें, जो आपके फ्लोरल प्रिंट के रंगों में से एक हों। स्टेटमेंट इयररिंग्स पहनते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि बाकी एक्सेसरीज़ को आप बेहद ही सिंपल रखें।

### पहनें स्टैकेबल ब्रेसलेट और रिंग्स

यह भी एक तरीका है फ्लोरल आउटफिट के साथ एक्सेसरीज को पेयर करने का। मसलन, आप अपने फ्लोरल आउटफिट के साथ पतले ब्रेसलेट की स्टैकिंग कर सकती हैं। इसमें आप मेटल से लेकर टेक्सचर को अलग-अलग चुन सकती हैं। बस यह आपके आउटफिट की कलर स्कीम को कॉम्प्लीमेंट करें। इसी तरह, कुछ सिंपल रिंग के साथ एक बोल्ड रिंग आपके लुक को एक डिफरेंट टच देगा।

### सिंपल हो ज्वैलरी

फ्लोरल प्रिंट आउटफिट के साथ अगर आप एक सटल लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो ऐसे में सिंपल ज्वैलरी को पेयर किया जा सकता है। मसलन, आप सोने या चांदी की थिन नेकपीस को अपने लुक का हिस्सा बना सकती हैं। इसी तरह, स्मॉल हूप्स या स्टड भी आपके लुक के खास बनाते हैं। आपके आभूषण आउटफिट के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बजाय पूरक होंगे।

---

## अनारकली सूट कई खास मौकों पर आपका लुक कर देता है रॉयल

मार्केट में आपको कई तरह के सूट मिल जाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन, अगर आप न्यू और एलिगेंट लुक चाहती हैं तो आप ये फ्लेयर्ड अनारकली सूट वियर कर सकती हैं। इस तरह की फ्लेयर्ड अनारकली सूट आपके लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट बनाने में मदद करेंगे और इस तरह का सूट आप कई सारे खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं।

**राउंड नेक डिजाइन अनारकली सूट :** अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के अनारकली सूट स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट आप किस फैमिली फंक्शन या पूजा के दौरान वियर कर सकती हैं और इस सूट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। ये आपको हैवी और लाइट दोनों पैटर्न में मिल जाएगा और इसे आप 1,000 से 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ पर्ल वर्क वाले झुमके साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स स्टाइल कर सकती हैं।



### एम्ब्रॉयडरी वर्क अनारकली सूट

अगर आप शादी या सगाई के किसी फंक्शन में शामिल हो रही हैं तो आप इस तरह के एम्ब्रॉयडरी वर्क अनारकली सूट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपका बेहद ही अलग और खूबसूरत नजर आएगा। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आपको इस तरह का सूट कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ 1,500 से 2,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगा। इस सूट के साथ आप चोकर स्टाइल कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में आप हील्स पहन सकती हैं।

---

## छोटी है गर्दन तो डिजाइन करवाएं नेकलाइन वाली कुर्ती, आउटफिट और पैटर्न सही तरीके कराएं

हम सभी को स्टाइलिश दिखना पसंद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हम अलग तरह के फैशन ट्रेंड को भी फॉलो कर पाते हैं। साथ ही, अपने लुक को चेंज करते हैं। लेकिन हर बार ये फैशन ट्रेंड हमारी बॉडी टाइप के हिसाब से नहीं जाता है। ऐसे में हमें कुछ अलग डिजाइन और पैटर्न सर्च करने पड़ते हैं। ये प्रॉब्लम सबसे ज्यादा छोटी गर्दन वाली लड़कियों को होती हैं। क्योंकि उनकी गर्दन पर हर नेकलाइन अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप कुछ अलग ट्राई करें। चलिए हम आपको बताते हैं कुर्ती में आपको किस तरह की नेकलाइन वाले डिजाइन को क्रिएट कराना चाहिए।

**राउंड नेकलाइन डिजाइन वाली कुर्ती :** सुंदर दिखने के लिए



जरूरी है कि आप राउंड नेकलाइन वाली कुर्ती डिजाइन को क्रिएट करवाएं। ऐसा इसलिए क्योंकि राउंड नेकलाइन से हमारी गर्दन छोटी नजर नहीं आती है। साथ ही, इससे कुर्ती का लुक भी चेंज हो जाता है। इसमें आप चाहें तो पाइपिन करा सकते हैं। इसके अलावा आपको इसमें ज्यादा एम्ब्राइडरी वर्क करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह की कुर्ती ही आपको मार्केट से लेनी चाहिए।

**प्रिंसेस कट नेकलाइन वाली कुर्ती :** अगर आपको कुछ अलग ही ट्राई करना है, तो छोटी गर्दन वाली लड़कियों पर प्रिंसेस कट डिजाइन वाली कुर्ती भी अच्छी लगेगी। इस तरह की कुर्ती को पहनने के बाद आपका लुक ही चेंज हो जाएगा। साथ ही, आपको ज्यादा चीजों को लुक में ऐड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस तरह की कुर्ती आपको मार्केट में भी आसानी से मिल जाएगी। बस आपको डिजाइन और पैटर्न का खास ध्यान रखना होगा।

---

कार्नर न्यूज

## साड़ी में चार चाँद लगाने के काम ज्वेलरी करती है

खूबसूरत नजर आने के महिलाएं कई सारे खास मौकों को साड़ी वियर करना पसंद करती हैं।लेकिन, इस साड़ी में चार चाँद लगाने के काम ज्वेलरी करती है। वहीं अगर आप डार्क कलर की साड़ी पहन रही हैं और महारानी जैसा लुक चाहती हैं तो इस तरह की गोल्डन कुंदन ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ गोल्डन कुंदन ज्वेलरी दिखा रही हैं। इस तरह की गोल्डन कुंदन ज्वेलरी में जहां आप खूबसूरत नजर आएंगी तो वहीं आपका लू भी रॉयल नजर आएगा।

## महारानी जैसे लुक के लिए डार्क कलर की साड़ी के साथ स्टाइल करें ये गोल्डन कुंदन



### मल्टीकलर ज्वेलरी सेट

अगर आप इस बात का चुनाव नहीं कर पा रही हैं तो अपनि डार्क कलर की साड़ीके साथ आप किस तरह का ज्वेलरी वियर करें तो आप मल्टीकलर ज्वेलरी सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की ज्व्लेरी में जहां आप सुंदर नज आएंगी तो वहीं आपका लुक भी खूबसूरत नजर आएगा। इस मल्टीकलर ज्वेलरी सेट को ब्लैक या पर्पल कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं जो आपको 700 से 800 रुपये की कीमत में मिल जाएगा।

### मिरर वर्क ज्वेलरी सेट

अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं साथ ही ये भी चाहती हैं कि आपका लुक सबसे अलग और खूबसूरत नजर आए तो आप इस तरह की मिरर वर्क ज्वेलरी सेट का चुनाव कर सकती हैं। इस ज्वेलरी सेट में बेहद ही खूबसूरत मिरर वर्क किया हुआ है साथ ही मोती भी लगे ही हैं। इस तरह की ज्वेलरी आप 400 से 500 में खरीदकर डार्क कलर की साड़ी के साथ स्त्येल कर सकती हैं।





### गोल्डन कुंदन ज्वेलरी की अन्य डिजाइन

अगर आप मिरर वर्क में कुछ न्यू डिजाइन चाहती हैं तो आप इस तरह के मिरर वर्क ज्वेलरी सेट का चुनाव सकती हैं। यह ज्वेलरी न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के बेलिए स्ट है और इसमें आप खूबसूरत भी नजर आएंगी। अगर आप ग्रीन कलर की साड़ी वियर कर रही है तो आप इस तरह की ज्वेलरी का चुनाव कर सकती हैं।